राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in




# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 352
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 14 नवंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट

पेज 3 गंगा एक्सप्रेस वे से जुड़ेगा नोएडा एयरपोर्ट

पेज 4 जिलाधिकारी ने कान्हा गौशाला बरखेड़ा का किया औचक

पेज 6 सानिया मिर्जा का खुलासा, तलाक के बाद गहरे डिप्रेशन में चली

## संक्षिप्त खबरें

### मध्य प्रदेश की 5 कंपनियों के दवा उत्पादन पर रोक, एक का लाइसेंस निरस्त

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश में ओरल लिक्विड कफ सीरप, टानिक जैसी दवाएं बनाने वाली फर्मों में खामियां मिली हैं। कुछ फर्मों द्वारा तैयार उत्पादों की जांच औषधि प्रशासन को सूचना दिए बिना राज्य के बाहर से कराई जा रही थी। अधिकतर फर्म में दक्ष कर्मचारियों की कमी मिली। लाइसेंस शर्तों का पालन नहीं करने पर औषधि प्रशासन ने पांच फर्मों को कारण बताओ नोटिस देकर जवाब मांगा है। जवाब मिलने तक उत्पादन पर रोक भी लगाई है। मप्र में विषाक्त कफ सीरप से 26 बच्चों की मौत के बाद राज्य खाद्य एवं औषधि प्रशासन और सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड एवं कंट्रोल आर्गनाइजेशन इंदौर जोन की संयुक्त टीमों ने कंपनियों का निरीक्षण तेज किया है।

### नेल्ली नरसंहार पर तिवारी आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक करेगी असम सरकार

**नई दिल्ली।** असम मंत्रिमंडल ने 25 नवंबर को राज्य विधानसभा सत्र के दौरान 1983 के नेल्ली नरसंहार की जांच करने वाले तिवारी आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक करने का फैसला किया है। गुरुवार को यह जानकारी मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने दी। उन्होंने कहा कि 1983 में असम में अभूतपूर्व हिंसा हुई थी और उस समय 2000 से ज्यादा लोग मारे गए थे, जबकि लगभग तीन लाख लोग महीनों तक राहत शिविरों में रहे थे।

## एसआईआर के 9 दिन-चुनाव आयोग ने 42 करोड़ फॉर्म बांटे

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को बताया कि 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अब तक 42 करोड़ (82.71 प्रतिशत) फॉर्म मतदाताओं को बांटे जा चुके हैं। इन सभी राज्यों में 50.99 करोड़ मतदाता हैं। तमाम विरोध के बावजूद बंगाल में 93त्न फॉर्म बांटे जा चुके हैं जो गुजरात के 94 प्रतिशत और राजस्थान के 86 प्रतिशत से काफी ज्यादा है। वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन का दूसरा दौर 4 नवंबर को 12 राज्यों में शुरू हुआ था। स्पेसिफिक इन्युमरेशन फॉर्म छापने और मतदाताओं तक पहुंचाने का काम जारी है। एसआईआर के विरोध की सबसे ज्यादा चर्चा में पश्चिम बंगाल है। आयोग का दावा है कि बंगाल में तेजी से काम हो रहा है।

तृणमूल ने दावा किया है कि एसआईआर मुद्दे पर राज्य में 18 लोगों की मौत हो गई है। तृणमूल ने आरोप लगाया है कि आयोग ने एसआईआर के बीच बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्ति के नियम बदले हैं।

## आतंकी बाबरी का बदला लेना चाहते थे : देशभर में 32 कारों से धमाके की साजिश थी

### दिल्ली कार ब्लास्ट इसी का हिस्सा था

**नई दिल्ली।** लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए धमाके की जांच में गुरुवार को बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आतंकी 6 दिसंबर, यानी बाबरी मस्जिद ढहाए जाने की बरसी के दिन दिल्ली समेत कई जगह धमाके करना चाहते थे।

इसके लिए उन्होंने 32 कारों का इंतजाम किया था। इनमें बम और विस्फोटक सामग्री भरकर धमाके किए जाने थे। इनमें ब्रेजा, स्विफ्ट डिजायर, इकोस्पोर्ट और आई20 जैसी गाड़ियां शामिल थीं। जांच एजेंसियों को अब तक 3 कारें बरामद हो चुकी हैं।

चौथी चौथी स्विफ्ट डिजायर की तलाश है। 10 नवंबर जिस आई20 कार में धमाका हुआ था, वह इसी सीरियल रिवेंज अटैक का हिस्सा थी।

ब्लास्ट से अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 लोग घायल हैं, जिनमें से तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है।

वहीं, एटीएस ने गुरुवार को कानपुर के कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डॉक्टर आरिफ को अरेस्ट किया है। वह लेडी टेररिस्ट का काम संभालता था। जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बलों ने सोपोर के मूमिनाबाद इलाके में जॉइंट ऑपरेशन में दो हाइब्रिड आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है।

वहीं, केंद्र सरकार ने दिल्ली कार ब्लास्ट को आतंकी हमला माना है। बुधवार को कैबिनेट मीटिंग में टेरर अटैक पर प्रस्ताव पारित किया गया।

### ब्लास्ट से जुड़ी दूसरी गाड़ी की जांच जारी

पुलिस ने आशंका जताई थी कि दिल्ली धमाके में शामिल आतंकियों के पास एक नहीं, बल्कि दो कारें थीं। बुधवार को इसकी तलाश के लिए दिल्ली के साथ पड़ोसी राज्यों यूपी और हरियाणा में अलर्ट जारी किया गया था। इसके बाद हरियाणा के खंदावली गांव में लावारिस गाड़ी की खबर सामने आई। इस गाड़ी की जांच के लिए एनएसजी बॉम्ब स्क्वाड की टीम पहुंची है। गाड़ी अभी तक पूरी तरह से खोली नहीं गई है।

### पुलवामा और शोपियां जिलों में छापेमारी जारी

लाल किले के पास हुए धमाके के बाद घाटी में सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ा अभियान शुरू किया है। गुरुवार को बारामूला, पुलवामा और शोपियां जिलों में कई ठिकानों पर छापेमारी की गई। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई उपद्रवी और कानून तोड़ने वाले तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए की गई है। पुलिस के अनुसार, छह संदिग्धों को हिरासत में लेकर थाने लाया गया और कानूनी तौर पर बाउंड डाउन किया गया। इसके अलावा, 22 ओवरग्राउंड वर्कर्स के ठिकानों पर तलाशी ली गई, जिनमें से 20 को चेतावनी देकर छोड़ा गया और दो को हिरासत में लिया गया।

## पुणे में 25 गाड़ियां टकराईं, 9 लोगों की हुई मौत

### इनमें 5 जिंदा जले; ट्रक का ब्रेक फेल हुआ, कार से भिड़ा, दोनों में आग लगी





पुणे। पुणे के बाहरी इलाके में नवले ब्रिज के पास गुरुवार शाम एक ट्रक का ब्रेक फेल होने से 20 से 25 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। ट्रक सबसे पहले एक कार से टकराया। कार आगे जा रहे कंटेनर से भिड़ गई और उसमें आग लग गई। ट्रक भी जल गया।

हादसे में कार सवार 5 लोग जिंदा जल गए। ट्रक ड्राइवर समेत 9 लोगों की मौत हो गई। हादसे में करीब 20 लोग घायल भी हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक हादसा पुणे-नासिक हाईवे पर भोरगांव के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह से कंटेनर और ट्रक के बीच दब गई और आग लगने के कुछ सेकेंड में ही लपटों में घिर गई।

मृतकों की पहचान की जा रही है। हादसे के बाद करीब एक घंटे तक हाईवे पर ट्रैफिक प्रभावित रहा।

### कई वाहन आपस में भिड़े

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। हादसे में घायल हुए सभी लोगों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि ट्रक और कंटेनर सतारा से पुणे की ओर आ रहे थे। कार इनके बीच फंस गई। हादसे के कारण नवले ब्रिज पर लंबा जाम लग गया है।

ट्रक में आग लगने से इसका ड्राइवर बाहर नहीं निकल सका। लिहाजा उसकी भी जलकर मौत हो गई। पीछे एक यात्री वाहन था, वह भी आग की चपेट में आ गया।

उसमें 17-18 लोग सवार थे। सभी घायल हुए हैं। इसके अलावा कुछ कारें और अन्य वाहन भी आपस में टकरा गए।

### सीएम फडणवीस ने मदद का ऐलान किया

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी और मरने वालों के परिवार को 5-5 लाख रुपए की मदद देने का ऐलान किया है। सांसद सुप्रिया सुले ने भी हादसे पर दुख जताते हुए घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की है।

### प्रदूषित यमुना



नई दिल्ली में प्रदूषित यमुना नदी में लोग नाव चलाते हुए।

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने मुकुल रॉय की विधायकी रद्द की

### दल-बदल कानून के तहत फैसला; 2021 में भाजपा से जीते फिर टीएमसी जॉइन की थी



**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने गुरुवार को दलबदल विरोधी कानून के तहत तृणमूल कांग्रेस के नेता मुकुल रॉय की पश्चिम बंगाल विधानसभा की सदस्यता रद्द कर दी। जस्टिस देबांगसु बसाक की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी और भाजपा विधायक अंबिका रॉय की याचिकाओं पर फैसला दिया। अधिकारी ने विधानसभा अध्यक्ष बनर्जी के उस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी जिसमें रॉय को दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य ठहराने की उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि भाजपा के टिकट पर निर्वाचित होने के बाद वह सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

## एमपी-राजस्थान में शीतलहर, 17 शहरों में 10 से कम तापमान



### दिल्ली-हरियाणा में हवा जहरीली, एक्यूआई 400 पार; सुप्रीम कोर्ट बोला- सिर्फ मास्क काफी नहीं

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब सहित कई राज्यों में शीतलहर चल रही है। राजस्थान के 9 शहरों और मध्य प्रदेश के 8 शहरों में बुधवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया। भोपाल में लगातार पांचवें दिन रात का पारा 8 डिग्री दर्ज किया गया।

हरियाणा के 7 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया है। नारनौल में सबसे कम तापमान 7.7 डिग्री रहा। दिल्ली में 10.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.1 डिग्री कम था। दिल्ली और हरियाणा में लोगों को सर्दी के साथ जहरीली हवा का भी सामना करना पड़ रहा है।

दोनों राज्यों के 13 शहरों में एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है। हरियाणा का जींद 418 एक्यूआई के साथ सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर रहा। दिल्ली के बवाना में एक्यूआई 451 और चांदनी चौक में एक्यूआई 449 दर्ज किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली में प्रदूषण स्थिति बेहद गंभीर है, मास्क भी पर्याप्त नहीं है।

इंडिया गेट और कर्तव्य पथ के आसपास का इलाका जहरीली धुंध की घनी चादर में लिपटा हुआ नजर आया।

लुटियन जोन के इंडिया गेट के पास एक्यूआई 408 दर्ज किया गया। धुंध की परतें इतनी गहरी थीं कि इंडिया गेट कहीं छिप सा गया था।



### हैप्पी मॉर्निंग

महिला- डॉक्टर साहब मुझे कुछ डाइटिंग टिप्स दीजिए जिससे मैं पतली हो जाऊं डॉक्टर- ऐसी चीजों से दूर रहें, जो तुम्हें मोटा बनाती हों महिला- जैसे? डॉक्टर- जैसे कि वजन तौलने वाली मशीन, शीशा, आपकी मोटी तस्वीरें और 'पतले दोस्त'.....



### शायरी

मत सहल हमें जानो फिरता है
फ़लक बरसों
तब ख़ाक के पर्दे से इंसान
निकलते हैं

## लुधियाना में 10 आईएसआई एजेंट गिरफ्तार

### मलेशिया में बैठे 3 गुर्गों के थ्रू पाकिस्तान हैंडलर्स के संपर्क में थे; पंजाब में ग्रेनेड अटैक था टारगेट



लुधियाना। पंजाब के लुधियाना में पुलिस ने पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर से संचालित किए जा रहे मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने पाकिस्तानी हैंडलर्स के इशारों पर काम कर रहे 10 बड़े गुर्गों को गिरफ्तार किया है।

शुरुआती जांच में सामने आया है कि ये आरोपी मलेशिया में बैठे तीन गुर्गों के माध्यम से पाकिस्तान हैंडलर्स के संपर्क में थे, ताकि हैंड ग्रेनेड को भारत पहुंचाया जा सके। हैंडलर्स द्वारा आरोपियों को पंजाब में अशांति पैदा करने के लिए आबादी वाले क्षेत्र में ग्रेनेड हमला करने का काम सौंपा गया था।

मगर, हमले से पहले ही पुलिस ने इन्हें दबोच लिया है, जिनमें मलेशिया में बैठे राजस्थान निवासी गुर्गे अजय का भाई भी शामिल है। पुलिस अब इन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है, ताकि इन लोगों के भारत में सभी कॉन्टैक्ट्स तक पहुंचा जा सके।

### पंजाब पुलिस खंगाल रही पूरा नेटवर्क

पुलिस की ओर से गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

इनमें पंजाब के फरीदकोट के सुखजीत सिंह उर्फ सुख बराड़, सुखविंदर सिंह, श्री मुक्तसर साहिब के साजन कुमार उर्फ संजू, कुलदीप सिंह, शेखर सिंह और अजय सिंह उर्फ अजय शामिल है। इसके अलावा राजस्थान के श्रीगंगानगर का रहने वाला करणवीर सिंह उर्फ विक्की भी शामिल है।

### अजय मलेशिया का भाई प्रोडक्शन वारंट पर

विदेश में बैठे अजय मलेशिया के स्थानीय साथी अमरीक सिंह तथा परमिंदर उर्फ चिरी थे, इनको भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि अजय मलेशिया के भाई अजय सिंह को पुलिस जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई है। अमरीक सिंह, परमिंदर सिंह उर्फ चिरी और विजय को मिलाकर कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## शराब घोटाला...चैतन्य बघेल की 61.20 करोड़ की संपत्ति कुर्क

### छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम के बेटे के खिलाफ ईडी का एक्शन; 364 प्लॉट अटैच



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की 61.20 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की है। ईडी के अधिकारियों के मुताबिक, अटैच की गई संपत्तियों में 364 आवासीय प्लॉट और कृषि भूमि के टुकड़े शामिल हैं।

जिनकी कीमत 59.96 करोड़ रुपए है। इसके अलावा 1.24 करोड़ रुपए की चल संपत्तियां बैंक बैलेंस और फिक्स्ड डिपॉजिट भी जब्त की गई हैं। शराब घोटाला मामले में अब तक कुल 276 करोड़ की संपत्ति अटैच की जा चुकी है। इस मामले में पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि सोचते हो कि पैतृक संपत्ति जब्त करके डरा लोगे। हम कांग्रेस के सिपाही है। डरो मत के अनुयायी है। बस्तर के जल, जंगल, जमीन को जब्त करने वालों के खिलाफ हम चुप नहीं बैठेंगे। वहीं कांग्रेस ने इसे विद्वेषपूर्ण कार्रवाई बताया है। संचार विभाग प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पैतृक संपत्ति को अटैच किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

### अर्थसार



सेंसेक्स:
84,478.67
+12.16 (0.014%)
निफ्टी:
25,879.15
+3.35

### मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 26 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | : | 11 डिग्री से0 |
| सूयोदय शनिवार | : | 6 : 46 |
| सूर्यास्त शुक्रवार | : | 5 : 42 |

### दिल्ली धमाके पर आपत्तिजनक पोस्ट्स का मामला

## असम से अब तक 15 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में हुए धमाके के बाद इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट्स डालने के आरोप में असम में अब तक कुल 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को यह जानकारी दी। गुरुवार को नौ और लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

इससे पहले बुधवार को छह लोगों की गिरफ्तारी की खबर सामने आई थी। मुख्यमंत्री ने बताया कि नई गिरफ्तारियां बुधवार रात के बाद की गईं।

सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली धमाके के बाद आपत्तिजनक इंटरनेट मीडिया पोस्ट के सिलसिले में अब तक असम भर में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### असम में अब तक 15 गिरफ्तार

मुख्यमंत्री ने कहा कि असम पुलिस हिंसा का महिमामंडन करने वालों के खिलाफ बिलकुल भी नरमी नहीं बरतेगी। इससे पहले उन्होंने बुधवार को कहा था कि उन्होंने पुलिस को निर्देश दिया है कि जो लोग इंटरनेट मीडिया पर धमाके का स्वागत कर रहे हैं, उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए।

### मुख्यमंत्री सरमा का सख्त रुख

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के अलग-अलग जिलों से 35 लोगों की पहचान की गई है। उन्होंने कहा, हम उनके संबंधों की जांच करेंगे और अगर किसी का बांग्लादेश या किसी अन्य देश से संबंध पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### दिल्ली धमाके

### अरब देशों से फंडिंग, चांसलर फ्रॉड का आरोपी; ब्लास्ट में शामिल दो डॉक्टर यहीं जॉब करते थे

## दिल्ली धमाकों से जुड़ा अल-फलाह यूनिवर्सिटी का कनेक्शन

फरीदाबाद। दिल्ली ब्लास्ट के बाद फरीदाबाद के मुस्लिम बहुल गांव धौज में बनी अल फलाह यूनिवर्सिटी टेरर मॉड्यूल से जुड़े डॉक्टरों की गिरफ्तारी के बाद जांच के घेरे में है। केंद्र सरकार ने इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट को यूनिवर्सिटी के फंडिंग की जांच के आदेश दे दिए हैं।

अब तक इस यूनिवर्सिटी के 3 डॉक्टर डॉ. मुजम्मिल शकील, डॉ. शाहीन सईद और डॉ. उमर नबी का नाम दिल्ली धमाके में आ चुका है। दिल्ली धमाके में डॉ. उमर की मौत हो चुकी है। डॉ. निसार-उल-हसन, जो मेडिसिन डिपार्टमेंट में प्रोफेसर थे, इन्हें 2023 में J&K LG द्वारा टेरर लिंक्स के लिए बर्खास्त किया गया था, फिर भी यहां भर्ती हो गए।




### 1. मान्यता का झूठा दावा

विवादों में आने के यूनिवर्सिटी का वेबसाइट बंद है। पहले अल फलाह को NAAC+ से मान्यता प्राप्त दिखाया जाता था। लेकिन गुरुवार को देश के कॉलेजों और यूनिवर्सिटी की गुणवत्ता का मूल्यांकन करना और उन्हें ग्रेड देने वाली संस्था नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रीडिएशन कमीशन ने झूठे मान्यता दावे के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### 2. स्टूडेंट्स का पूरा डेटा नहीं

यूनिवर्सिटी में कितने स्टूडेंट्स पढ़ते हैं। इसका आधिकारिक डेटा नहीं है। हालांकि, 4 कॉलेज चल रहे हैं। 800+ बेड का अस्पताल है। यूनिवर्सिटी UG, PG, डिप्लोमा और PhD कोर्स चलाती है। मेडिकल में एमबीबीएस (200 सीटें), MD/MS (50 सीटें), BDS, B.Pharm; इंजीनियरिंग में B.Tech (कंप्यूटर साइंस, मैकेनिकल, सिविल); सोशल साइंस में बीए (इंग्लिश, उर्दू, हिस्ट्री, जर्नलिज्म)।

### 3. विदेशी फंडिंग का दुरुपयोग

यूनिवर्सिटी को अरब देशों से सालाना दान मिलता है। विदेशी फंडरेजर साल में एक बार कैंपस आते हैं।

फंडिंग के दुरुपयोग के संदेह के चलते एनाईएअब विदेशी दान के स्रोतों की जांच कर रही है।

### 4. फाइनेंशियल रिकॉर्ड्स गायब

10 सालों के फाइनेंशियल फाइलिंग्स और FCRA रिकॉर्ड्स सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं हैं। FCRA पोर्टल पर ट्रस्ट का डेटा नहीं मिला।

### 5. कैंपस में संदिग्ध गतिविधियां

आरोप है कि कैंपस में इस्लामिक स्टूडेंट्स ग्रुप्स सक्रिय हैं। ये धार्मिक सेमिनार आयोजित करते हैं। अल फलाह स्कॉलरशिप स्कीम विदेशी स्टूडेंट्स को फाइनेंशियल स्पोर्ट भी देती है।

सेमिनारों में स्पीकर्स मुख्य रूप से शिक्षा और इस्लामिक स्टडीज पर होते हैं, । राज्य स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल की आखिरी जांच 2019 में की।

# संपादकीय

## जलवायु संकट की भयावह तस्वीर - भारत में तीन दशक में 80 हजार जानें गई



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत, विश्व की दूसरी सबसे बड़ी आबादी वाला देश, जलवायु परिवर्तन की मार से बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार, पिछले तीन दशकों में जलवायु संबंधी आपदाओं से भारत में लगभग 80 हजार लोगों की जान जा चुकी है। यह आंकड़ा न केवल एक सांख्यिकीय संख्या है, बल्कि लाखों परिवारों की त्रासदी, आर्थिक नुकसान और पर्यावरणीय क्षरण की कहानी बयां करता है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) और संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट्स बताती हैं कि भारत वैश्विक स्तर पर जलवायु आपदाओं से सबसे अधिक प्रभावित देशों में शुमार है। आइए, इस संकट की गहराई को समझें और इसके कारणों, प्रभावों तथा समाधानों पर विचार करें।

### जलवायु आपदाओं का बढ़ता ग्राफ

पिछले 30 वर्षों (1991-2020) में भारत ने बाढ़, सूखा, चक्रवात, लू (हीटवेव) और भूस्खलन जैसी आपदाओं का सामना किया है। डब्ल्यूएमओ की 2021 रिपोर्ट के अनुसार, एशिया में जलवायु आपदाओं से हुई मौतों में भारत का हिस्सा लगभग 20 प्रतिशत है। इनमें से अधिकांश मौतें बाढ़ और चक्रवात से हुईं। उदाहरणस्वरूप, 1999 का ओडिशा सुपर साइक्लोन ने अकेले 10 हजार से अधिक जानें लीं। हाल के वर्षों में केरल बाढ़ (2018-2019) ने सैकड़ों लोगों की मौत का कारण बनी, जबकि 2023 में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बादल फटने की घटनाओं ने हजारों को बेघर कर दिया। आंकड़ों की बात करें तो भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 2000 से 2020 तक चरम मौसमी घटनाओं की संख्या में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। लू की लहरें विशेष रूप से घातक साबित हो रही हैं। 2015 की हीटवेव में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 2,500 से अधिक मौतें हुईं। ग्लोबल क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स 2021 में भारत को सबसे जोखिमपूर्ण देशों में चौथा स्थान दिया गया। तीन दशकों में 80 हजार मौतें औसतन प्रति वर्ष 2,667 मौतें दर्शाती हैं – यह किसी युद्ध से कम नहीं।

### कारण : मानवीय हस्तक्षेप और वैश्विक उत्सर्जन

जलवायु संकट का मूल कारण ग्लोबल वॉर्मिंग है, जो कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन जैसे ग्रीनहाउस गैसों के बढ़ते उत्सर्जन से हो रहा है। भारत विकासशील देश है, लेकिन कोयला-आधारित ऊर्जा पर निर्भरता इसे तीसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक बनाती है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के अनुसार, भारत का ष्ट्ह्र२ उत्सर्जन 1990 से 2020 तक दोगुना हो गया।

स्थानीय स्तर पर वनों की कटाई, अनियोजित शहरीकरण और नदियों पर अंधाधुंध बांध निर्माण आपदाओं को बढ़ावा दे रहे हैं। हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर पिघलने से बाढ़ का खतरा बढ़ा है। आईपीसीसी (इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज) की 2023 रिपोर्ट चेतावनी देती है कि यदि तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ा, तो भारत में मानसून अनियमित हो जाएगा, जिससे सूखा और बाढ़ दोनों बढ़ेंगे।

### प्रभाव : मानव जीवन से परे

80 हजार मौतें तो केवल हिमशैल का सिरा हैं। आर्थिक नुकसान ट्रिलियन रुपये में है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 तक जलवायु परिवर्तन से भारत की जीडीपी का 2.8 प्रतिशत सालाना नुकसान हो सकता है। कृषि, जो 58 प्रतिशत आबादी की आजीविका है, सबसे अधिक प्रभावित है। अनियमित मानसून से फसलें बर्बाद हो रही हैं, जिससे खाद्य सुरक्षा खतरे में है।

स्वास्थ्य पर प्रभाव गंभीर हैं। लू से हृदय रोग और डिहाइड्रेशन बढ़ रहे हैं, जबकि बाढ़ से मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियां फैल रही हैं। प्रवासियों की संख्या बढ़ रही है – क्लाइमेट माइग्रेंट्स। ओडिशा और बंगाल के तटीय इलाकों से लोग शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं, जिससे झुग्गी-झोपड़ियां और सामाजिक तनाव बढ़ रहा है।

महिलाएं और बच्चे सबसे कमजोर हैं। यूनिसेफ की रिपोर्ट कहती है कि जलवायु आपदाओं से प्रभावित 10 में से 7 बच्चे भारतीय हैं। लैंगिक असमानता के कारण महिलाएं राहत कार्यों में पीछे रह जाती हैं।

### समाधान- तत्काल और दीर्घकालिक कदम

भारत सरकार ने पेरिस समझौते के तहत 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश बढ़ा है – 2022 तक 175 गीगावाट सौर और पवन ऊर्जा क्षमता हासिल की गई। राष्ट्रीय जलवायु कार्य योजना के तहत आठ मिशन चल रहे हैं, जैसे सोलर मिशन और ग्रीन इंडिया मिशन।

लेकिन चुनौतियां बाकी हैं। कोयला पर निर्भरता कम करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय फंडिंग जरूरी है। स्थानीय स्तर पर मंगल वन (मैंग्रोव) रोपण, वर्षा जल संचयन और स्मार्ट सिटी प्लानिंग अपनानी चाहिए। शिक्षा और जागरूकता महत्वपूर्ण है – स्कूलों में जलवायु पाठ्यक्रम शामिल करें।

नागरिक स्तर पर प्लास्टिक कम करना, पेड़ लगाना और साइकिल अपनाना छोटे कदम हैं जो बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

### निष्कर्ष : समय की पुकार

तीन दशकों में 80 हजार जानें जाना एक चेतावनी है कि जलवायु संकट अब दूर की कौड़ी नहीं। यदि हमने अभी नहीं चेते, तो अगले दशक में यह आंकड़ा दोगुना हो सकता है। भारत की युवा पीढ़ी, जो 65 प्रतिशत आबादी है, इस लड़ाई की अगुआई कर सकती है। सरकार, समाज और व्यक्ति – सभी को मिलकर काम करना होगा। जैसा कि महात्मा गांधी कहा करते थे, पृथ्वी सभी की जरूरतें पूरी कर सकती है, लेकिन लालच नहीं। जलवायु संकट से लड़ाई लालच पर विजय है। आइए, आज से शुरू करें – कल बहुत देर हो चुकी होगी।

## मिट्टी से उठा सूरज

हवा ने उसे छुआ।
नदी ने देखा —
उसकी लहर में उजाला घुला।

पहाड़ की चोटी पर
थोड़ी रोशनी ठहर गई,
बकरियों के संग चरती धूप
धीरे-धीरे उतर आई गाँव में।

किसी किसान की हथेली में
दिया जल रहा था —
तेल नहीं,
बस उम्मीद थी उसमें।

पेड़ों ने देखा,
चिड़ियों ने कहा —
आज धरती ने
फिर सूरज जनमा है।

बच्चों की हँसी में
लौ काँपती रही,
माँ ने कहा —
'यही उजाला घर को जीवित रखता है।'

मिट्टी के उस छोटे दिए ने
सारी रात पहरा दिया —
और सुबह जब सूरज निकला,
वो उसी मिट्टी से उपजा था।

समाज थका था,
पर मिट्टी नहीं —
उसने फिर से कहा,
अंधेरा चाहे जितना हो,
उजाला अब भी हमसे ही जन्म लेता है।



संजीव ठाकुर,
रायपुर छत्तीसगढ़,

विश्व मधुमेह दिवस –14 नवम्बर, 2025

# मधुमेह को दवा से ही नहीं, संतुलित जीवन से परास्त करें

-ललित गर्ग-



दुनिया में बढ़ती मधुमेह की भयावहता इसलिये चिन्ताजनक है कि हर तीसरा शहरी वयस्क डायबिटीज से जूझ रहा है। यह बीमारी अनेक अन्य बीमारियों को भी बढ़ाने का बड़ा कारण है। मधुमेह के बढ़ने के कारणों में मुख्यत: खानपान में अनियमितता और शारीरिक निष्क्रियता सबसे बड़ी वजह है। विश्व मधुमेह दिवस हर वर्ष 14 नवम्बर को मनाया जाता है। यह दिन प्रसिद्ध वैज्ञानिक फ्रेडरिक बैंटिंग के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने 1922 में इंसुलिन की खोज कर दुनिया को मधुमेह से राहत देने का मार्ग दिखाया। अंतरराष्ट्रीय मधुमेह संघ और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 1991 में इसकी शुरुआत की थी। इस वर्ष का थीम है मधुमेह और समग्र कल्याण। यह थीम इस तथ्य पर केंद्रित है कि मधुमेह का उपचार केवल दवाइयों से नहीं बल्कि संतुलित और स्वस्थ जीवनशैली से संभव है। मधुमेह आज एक वैश्विक स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है। बदलती जीवनशैली, अनियमित भोजन, तनाव, मोटापा और शारीरिक निष्क्रियता इसके प्रमुख कारण हैं। यह बीमारी चुपचाप शरीर को भीतर से खोखला करती है और हृदय, गुर्दे, आंखों और नसों पर गहरा असर डालती है।

मधुमेह को नियंत्रित करना केवल चिकित्सा का विषय नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक कला है। इसके लिए सबसे पहले जीवन में संतुलन एवं सात्विक जीवनशैली की आवश्यकता होती है यानी संतुलित आहार, संतुलित नींद, संतुलित विचार और संतुलित आचरण। जीवन का यह संतुलन ही स्वास्थ्य का मूल मंत्र है। जब हम अपने जीवन को एक अनुशासन में ढालते हैं, तो रोग अपने आप दूर भागते हैं। मधुमेह आज केवल रोग नहीं, बल्कि समग्र स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है।

मधुमेह का प्रबंधन केवल दवा और आहार तक ही सीमित नहीं है; इसमें मानसिक स्वास्थ्य सहायता, तनाव प्रबंधन, जीवनशैली शिक्षा और सामुदायिक जुड़ाव भी शामिल है। इसका लक्ष्य रोगी को मधुमेह की चुनौतियों का सामना करते हुए एक स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के लिए सशक्त बनाना है। समग्र देखभाल, शीघ्र हस्तक्षेप और सहायक वातावरण को बढ़ावा देकर, मधुमेह रोग के बजाय व्यक्ति के उपचार के महत्व पर ज़ोर देना मधुमेह दिवस का उद्देश्य है। यह दिवस मधुमेह से पीड़ित लोगों के शारीरिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और जीवन की गुणवत्ता के बीच महत्वपूर्ण संबंध पर प्रकाश डालता है। इस वर्ष का अभियान डॉक्टरों, नीति निर्माताओं और समुदायों से आग्रह करता है कि वे केवल रक्त शर्करा के स्तर से आगे बढ़कर रोगी के संपूर्ण कल्याण पर ध्यान केंद्रित करें।

डायबिटीज जैसी घातक एवं असाध्य बीमारी को नियंत्रित करने के लिये अफवाहों से बचना जरूरी है, इसके लिये बड़ा दिल नहीं, समझदार दिल होना चाहिए। मर्यादित आहार ही, इस बीमारी को रोकने का एक सस्ता और असरदार उपाय हो सकता है। डायबिटीज (मधुमेह) की समस्या भारत समेत पूरे विश्व में तेजी से बढ़ रही है। इसके चलते हमें कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। डायबिटीज पहले अमूमन अधेड़ उम्र के लोगों में होती थी, अब यह बच्चों एवं युवकों को भी शिकंजे में ले रही है। भारत में करीब 10 करोड़ लोगों को डायबिटीज है। वहीं विश्व में 44 करोड़ लोग इससे पीड़ित है। भारत में डायबिटीज की प्रचलित दर 11.5 प्रतिशत है, जबकि प्री डायबिटीज के मामलों की दर 15.3 प्रतिशत तक पहुँच गई है, यानी देश का हर 10 में से एक व्यक्ति इस बीमारी से प्रभावित है। एक अनुमान के अनुसार 85 करोड़ लोग दुनिया भर में डायबिटीज के मरीज 2050 तक हो जाएंगे।

मधुमेह से बचने और इसे नियंत्रित करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है नियमित शारीरिक गतिविधि। सुबह-सुबह की सैर, हल्का व्यायाम, दौड़ना या साइकिल चलाना न केवल शरीर को सक्रिय रखता है बल्कि रक्त में ग्लूकोज के स्तर को भी संतुलित करता है। इसके साथ ही योग और ध्यान का अभ्यास मधुमेह के नियंत्रण में अत्यंत प्रभावी माना गया है। योग केवल शरीर को लचीला नहीं बनाता बल्कि मन को शांत करता है और तनाव को कम करता है। प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी जैसे योग अभ्यास इंसुलिन के स्राव को संतुलित करते हैं और मन को स्थिर बनाते हैं। ध्यान से मन की अस्थिरता और चंचलता कम होती है, जिससे तनाव नियंत्रित रहता है।

तनाव और अवसाद मधुमेह के छिपे हुए शत्रु हैं। जब मन तनावग्रस्त होता है तो शरीर में कोर्टिसोल जैसे हार्मोन बढ़ जाते हैं, जो रक्त में शर्करा का स्तर बढ़ाते हैं। इसलिए मन को शांत और प्रसन्न रखना उतना ही आवश्यक है जितना शरीर को स्वस्थ रखना।

मधुमेह के प्रबंधन में भोजन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। खानपान में शुद्धता और संयम दोनों ही जरूरी हैं। आज के समय में फास्ट फूड, प्रोसेस्ड फूड, तले-भुने और मीठे खाद्य पदार्थों की भरमार ने लोगों के स्वास्थ्य को बिगाड़ दिया है। भोजन में सादा, ताजा और पौष्टिक आहार अपनाना ही सबसे बड़ी दवा है। साबुत अनाज, दालें, हरी सब्जियां, सलाद, फल, अंकुरित अनाज और पर्याप्त मात्रा में पानी-ये सब मिलकर शरीर को ऊर्जा तो देते ही हैं, मधुमेह को भी नियंत्रित रखते हैं। अधिक तला-भुना, मिठाई, नमक, और चाय-कॉफी जैसी चीजें सीमित मात्रा में लेनी चाहिए। समय पर भोजन करना और ओवरईटिंग से बचना भी आवश्यक है। खाना न केवल पेट भरने का माध्यम है बल्कि यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को निर्धारित करता है। 'जैसा अन्न वैसा मन'-यह कहावत मधुमेह के संदर्भ में बिल्कुल सत्य है।


संतुलित जीवनशैली का अर्थ केवल आहार-विहार का नियंत्रण नहीं बल्कि सकारात्मक सोच और अनुशासित दिनचर्या भी है। जो व्यक्ति अपने दिन का एक निश्चित समय योग, ध्यान और आत्मचिंतन में लगाता है, वह न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहता है। तनाव, क्रोध, ईर्ष्या, असंतोष जैसी भावनाएं मन में रासायनिक असंतुलन पैदा करती हैं जो धीरे-धीरे शरीर में रोगों का कारण बनती हैं। अति-विचार से बचना भी जरूरी है। मधुमेह से बचने के लिए इन मानसिक विषों को दूर रखना उतना ही आवश्यक है जितना दवा लेना। अपने मन को हल्का और हृदय को प्रसन्न रखने की कला सीखनी होगी। धार्मिक प्रवृत्तियाँ, सत्संग, संगीत, साहित्य, प्रकृति के निकट समय बिताना, परिवार के साथ हंसी-मजाक करना-ये सब जीवन को संतुलन और आनंद से भर देते हैं।

मधुमेह के रोगियों को नियमित रूप से अपने शुगर स्तर की जांच करनी चाहिए और डॉक्टर की सलाह का पालन करना चाहिए। दवा के साथ-साथ आत्म-निगरानी और जीवनशैली में निरंतर सुधार ही स्थायी स्वास्थ्य का आधार है। छोटी-छोटी बातों में सावधानी बड़ी बीमारियों से रक्षा करती है। शरीर को सक्रिय रखना, मन को शांत रखना और भोजन को संयमित रखना-ये तीन सूत्र मधुमेह नियंत्रण के त्रिदेव हैं। इस वर्ष के विश्व मधुमेह दिवस का संदेश यही है कि केवल दवा नहीं, बल्कि जीवन की दिशा बदलनी होगी। मधुमेह को नियंत्रण में रखने का सबसे कारगर उपाय है-संतुलित जीवन। जब मन, शरीर और आत्मा का समन्वय होता है तो स्वास्थ्य अपने आप खिल उठता है। इस 14 नवम्बर को हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपनी जीवनशैली को अनुशासित, सकारात्मक और स्वास्थ्य-केंद्रित बनाएंगे।

नियमित योग और ध्यान करेंगे, भोजन में संयम रखेंगे, तनाव को दूर करेंगे और अपने शरीर को प्रेम से समझेंगे। क्योंकि स्वस्थ शरीर ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। मधुमेह जैसी बीमारी हमें भयभीत करने के लिए नहीं आई, बल्कि हमें सजग, अनुशासित और संतुलित जीवन जीने का संदेश देने के लिए आई है। अगर हम यह संदेश समझ जाएं तो मधुमेह भी जीवन के संतुलन की शिक्षक बन जाती है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3709




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 3708 का हल



## हंसी के फूव्वारें

जज ने अभियुक्त से कहा-'तुम पर मोटर तेज चलाने का इल्जाम है. क्या तुम अपना इल्जाम स्वीकार करते हो?'

'जी हां, मीलार्ड, मगर ?'

'मैंने कोई अपराध नहीं किया.' अभियुक्त सफाई देते हुए बोला-'मेरी मोटर के ब्रेक खराब थे, इसलिये मैंने सोचा कि जल्दी से घर पहुँच जाऊं. कहीं ऐसा न हो कि कोई एक्सीडेंट हो जाए!'

□ □ □

एक सेठ बीमार पड़ गया.

डाक्टरों ने उसे राय दी कि वह विदेश जाकर दवा कराये तो उसने अपने मुंशी से पूछा-'मुंशी जी! विदेश जाकर दवा कराने में कितना खर्च होगा ?'

'लगभग बीस हजार!'

'और क्रिया-कर्म में ?'

'लगभग पांच हजार!'

'तो फिर इलाज से मरना ही ज्यादा फायदेमंद रहेगा.' सेठ ने ठण्डी सांस लेते हुए कहा.

□ □ □

रमेश ने महेश से पूछा-'जब सेब पेड़ से नीचे गिरा तो न्यूटन को बहुत आश्चर्य हुआ.'

महेश-'पागल था वह ?'

रमेश-'वह कैसे ?'

महेश-'आश्चर्य की बात तो तब होती जब सेब नीचे से ऊपर जाता.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3709



**बायें से दायें:-**

१. 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फरदीन, करीना की फिल्म-२
३. 'ये प्यार यार क्या है' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ओ सजना बरखा बहार आई' गीत किस फिल्म का है?-३
८. अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
९. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी, अमीषा की फिल्म-३
१०. अक्षय, करीना की 'तुने कहा जबसे हाँ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'रूठे सैंया हमारे सैंया' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१२. रणधीर कपूर, रेखा की फिल्म-३
१४. 'तेरी गलियों में ना रखेंगे कदम' गीत किस फिल्म का है?-३
१६. बॉबी, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
१७. 'पल्लो लटके' गीत वाली फिल्म-३
१९. दिलीपकुमार, निम्मी की 'दिल में छुपाके' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'जो भी कसमें' गीत वाली डीनो मोरिया, बिपाशा की फिल्म-२
२२. धर्मेन्द्र, हेमा की 'राजा ना जा' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'रूकी रूकी सी जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२
२५. राजकुमार, प्रिया राजवंश की फिल्म-३
२७. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-३
२८. राहुल, दीपक, पूजा भट्ट की 'मेरे दिल का पता' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'जिंदगी आ रहा' गीत वाली की फिल्म-३
३१. विनोद, डैनी, मौसमी की 'संसार है एक नदिया' गीत वाली फिल्म-३
३२. 'तू मेरे सामने' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, श्रीदेवी की 'मैं तुझे कबूल' गीत वाली फिल्म-२,३
२. 'जीवन चलने का नाम' गीत वाली मनोज, जया की फिल्म-२
४. फिल्म 'आनंद' में आनंद की शीर्षक भूमिका किसने की थी?-३,२
५. शशिकपूर, शबाना की 'दिल में तुझे बिठाके' गीत वाली फिल्म-३
६. अमरीशपुरी पर फिल्माये 'ये दुनिया एक दुल्हन' गीत वाली फिल्म-४
७. 'मंदिर में ना मस्जिद' गीत वाली फिल्म-५
१३. धर्मेन्द्र, वहीदा, जया की 'कब माने हो दिल के दीवाने' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'हम जब सिमट' गीत वाली शशि, साधना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२
१७. देवानंद, गीत बाली की 'ठंडी हवाएं लहरा के आएं' गीत वाली फिल्म-४
१८. नायक के रूप में अनिल कपूर की पहली फिल्म-३
१९. 'नींद कभी रहती थी' गीत वाली विश्वजीत, माला सिन्हा की फिल्म-३
२०. मनोजकुमार, नंदा की 'काले हैं तो क्या हुआ' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'किताबें बहुत सी' गीत वाली फिल्म-४
२६. सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एक हिंदी फिल्म-३
२८. सनी, तब्बू, रीमा सेन की 'जो प्यार तुमने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'खोया है तूने' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3708



## सूडोकु -3709

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3708 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली - 3709



**बाएँ से दाएँ**

1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

शब्द पहेली -3708 का हल



# गंगा एक्सप्रेस वे से जुड़ेगा नोएडा एयरपोर्ट

## 74 किमी है लिंक एक्सप्रेस वे, बैठक में अलाइमेंट डिजाइन पर चर्चा, कार्गो में होगी आसानी

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाले प्रस्तावित 74 किलोमीटर लंबे लिंक एक्सप्रेसवे के अलाइनमेंट डिजाइन तैयार होगी। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को परियोजना के 20 किलोमीटर लंबे हिस्से की अलाइनमेंट पर अहम बैठक की। ये हिस्सा यीडा क्षेत्र से होकर गुजरेगा। अधिकारियों के अनुसार, इसकी विस्तृत डिजाइन कार्य शुरू कर दिया जाएगा।




यह नया ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे 120 मीटर चौड़ा होगा और यमुना एक्सप्रेसवे के 24वें किलोमीटर फिल्म सिटी के पास से शुरू होकर बुलंदशहर जिले के स्याना के पास गंगा एक्सप्रेसवे के 44.3 किलोमीटर पाइंट तक जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिले मेरठ, बुलंदशहर, खुर्जा और स्याना को सीधे जेवर एयरपोर्ट से जोड़ना है।

### बैठक में अलाइनमेंट पर की गई चर्चा

बैठक के दौरान UPEIDA के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी एसपी शाही और यीडा के सीईओ आरके सिंह ने संयुक्त रूप से संभावित रूट पर चर्चा की। बैठक में अंडरपास, यू-टर्न, और एलिवेटेड सेगमेंट जैसे इंजीनियरिंग इंफ्रा पर भी विस्तार से चर्चा हुई, ताकि आसपास के सेक्टरों और गांवों को कनेक्टिविटी मिल सके। एक्सप्रेसवे 56 गांवों की जमीन से होकर गुजरेगा, जिसके लिए भूमि अधिग्रहण किसानों की सहमति पर किया जाएगा। मुआवजा दरों का आकलन फिलहाल जारी है।

### 60 करोड़ प्रति किमी होगा खर्च

परियोजना के निर्माण की अनुमानित लागत लगभग 60 करोड़ प्रति किलोमीटर होगी (भूमि लागत को छोड़कर)। इसके तैयार होने पर यात्री सीधे गंगा एक्सप्रेसवे से नोएडा एयरपोर्ट तक पहुंच सकेंगे, जिससे यात्रा समय घटेगा और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी मजबूत होगी। एस.पी. शाही ने बताया, नया ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे गंगा एक्सप्रेसवे को नोएडा एयरपोर्ट से जोड़ेगा। कुल 74 किमी में से 20 किमी हिस्सा यीडा क्षेत्र में आएगा। सभी अलाइनमेंट से जुड़ी बातें गुरुवार को बैठक में तय की गईं।

### ये होगा फायदा

मेरठ से प्रयागराज तक बन रहे गंगा एक्सप्रेसवे के यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ने के बाद नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और यमुना एक्सप्रेसवे पर आगरा से ग्रेटर नोएडा तक की राह आसान हो जाएगी।

इस एक्सप्रेसवे के जरिए मेरठ से प्रयागराज तक भी सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी।

नोएडा एयरपोर्ट से जुड़ने पर गंगा एक्सप्रेसवे की उपयोगिता और बढ़ जाएगी। इसके अलावा लिंक एक्सप्रेसवे का यमुना सिटी के औद्योगिक सेक्टर-28, 29, 32, 33 से भी सीधा जुड़ाव होगा, जिससे कार्गो के वाहनों को एयरपोर्ट तक पहुंचने या इससे जुड़े किसी भी रूट पर पहुंचना आसान हो जाएगा।

# नाले से मिला शव का टुकडा, मानव या पशु इसकी जांच मे जुटी पुलिस

**नोएडा।** हत्या के बाद शव को काट कर नाले डालने का सिलसिला जारी है। अभी सेक्टर 108 में मिली सर और हाथ कटी महिला के शव का मामला अभी सुलझा भी नहीं था कि थाना 24 क्षेत्र में सेक्टर 34 सुरभि अस्पताल के पास से एक और बॉडी गंदे नाले से बरामद की गई है। इस शव का ऊपर का हिस्सा गायब है। यह खबर फैलते ही इलाके में हड़कम्प मच गया और लोगों की भीड इकट्ठा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के पार्ट्स को इकट्ठा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के सामने सबसे बडी चुनौती इन शवो के शिनाख्त करने की साबित हो रही है।




बता दे कि सेक्टर 34 स्थित सुरभि हॉस्पिटल के सामने से गुजरने वाले नाले के पास गुरुवार को शव के टुकड़े मिलने की खबर से सनसनी फैल गई और लोगों की भीड़ जुट गई। इसकी सूचना लोगों ने डायल 112 पर दी। इसके बाद मौके पर पहुंची थाना 24 की पुलिस ने उन टुकड़ों को बाहर निकाल कर उसे कपड़े में बांधकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है।

जिससे पता चल सके कि इन टुकड़ों को किसने यहां फेंका है। थाना सेक्टर 24 थाने की पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। इस बीच पुलिस हेडक्वाटर स्थित मीडिया से प्रभारी विजय गौतम का कहना है थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के अंतर्गत डायल-112 के माध्यम से नाले में एक कपड़े में हड्डी मिलने की सूचना प्राप्त हुई उक्त हड्डी किसी मानव या पशु की है, इस सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।

# डबल मर्डर के आरोपियों से हथियार बरामद

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की जारचा पुलिस ने डबल मर्डर के मुख्य आरोपियों मनोज नागर और प्रिंस को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया है। उनकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल की गई एक काली थार गाड़ी, दो .30 बोर की देसी पिस्टल, दो खाली कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने मनोज नागर पुत्र रणवीर और प्रिंस पुत्र बिरजू उर्फ ब्रजपाल को कस्टडी रिमांड पर लिया था।

12 नवंबर, 2025 को इनकी निशानदेही पर महिंद्रा थार (काले रंग की) और दो .30 बोर की पिस्टल, साथ ही दो खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किए गए। यह घटना दीपावली के दिन 20 अक्टूबर को जारचा थाना क्षेत्र के ग्राम सैंथली में हुई थी। नाली के पानी को लेकर हुए विवाद में अजयपाल और दीपांशु की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

मामले की जांच के लिए पुलिस की छह टीमें गठित की गई थीं। पुलिस को चकमा देते हुए आरोपी प्रिंस ने बुलंदशहर कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। इसके दो दिन बाद मनोज ने भी गाजियाबाद कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। एक अन्य बदमाश ने अलीगढ़ कोर्ट में सरेंडर किया था। पुलिस ने इस मामले में कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कोर्ट से आरोपियों की कस्टडी रिमांड मांगी थी।

# अंकित हत्याकांड का खुलासा : पैसे की चोरी को लेकर हुए विवाद में कैंची बनी आलाकत्ल, आरोपी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा। वकार सैफी।** थाना सूरजपुर पुलिस ने अंकित हत्याकांड का खुलासा करते हुए, हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया है, और हत्या के लिए इस्तेमाल की गई कैंची भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार मृतक और आरोपी के बीच पैसे की चोरी को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद आरोपी ने मृतक अंकित के गले पर कैंची से वार कर उसकी हत्या कर दी गई थी।



बता दे कि पुलिस की गिरफ्त में खड़े आरोपी ओमपाल को पुलिस ने गांव भनोटा कट के पास से गिरफ्तार किया है उसके कब्जे से हत्या में इस्तेमाल की गई कैंची और मृतक अंकित के बाएं पैर की चप्पल बरामद की है। मामले का खुलासा करते हुए सेंट्रल नोएडा की डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि 3 नवंबर को थाना सूरजपुर क्षेत्र के ग्राम पाली जाने वाली सड़क पर झाड़ियां में एक अज्ञात शव मिला था। जिसकी बाद में शिनाख्त के अंकित के रूप में हुई थी। मृतक के भाई के तहरीर पर थाना सूरजपुर में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की और पुलिस की टीमों ने आसपास के सभी सीसीटीवी फुटेज चेक किया और इलेक्ट्रानिक सर्विलांस और मैनुअल इंटेलिजेंस की सहायता से घटना को अंजाम देने वाले ओमपाल को गिरफ्तार किया है। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पूछताछ के दौरान ओमपाल ने बताया कि मृतक अंकित, सौरव कंपलेक्स तिलपता में सफाई का काम करता था और इसी परिसर में उसकी दर्जी की दुकान है, घटना के दिन नशे में धुत होने के कारण अंकित के 7000 गायब हो गए। जिसका इल्जाम उसने ओमपाल पर लगा दिया। जब देर रात ओमपाल अपने घर जाने लगा तो अंकित उसको बीच सड़क पर रोक कर झगड़ा करना शुरू कर दिया और उसकी पत्नी को लेकर अपशब्द कहे। जिससे गुस्से से बौखलाए ओमपाल ने अपने पास मौजूद कैंची से अंकित के गले पर वार कर उसकी हत्या कर दी और मृतक के शव को पाली रोड पर नाले के किनारे छोड़कर भाग गया था।

## शार्ट न्यूज

### हॉस्टल की छत से कूदा बीए का छात्र, मौत

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा स्थित गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी में बुधवार देर शाम एक छात्र ने हॉस्टल की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही यूनिवर्सिटी के सुरक्षा अधिकारी राजकुमार भाटी ने ईकोटेक-1 कोतवाली पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल छात्र को जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक छात्र की पहचान हरियाणा के सोनीपत निवासी 30 वर्षीय धीरज तिवारी के रूप में हुई है। वह गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी में साइकोलॉजी बीए सेकंड ईयर का छात्र था और यूनिवर्सिटी के रामशरणदास हॉस्टल में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, बुधवार शाम धीरज ने किसी अज्ञात कारण से हॉस्टल की छत से छलांग लगा दी। गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। पुलिस ने बताया कि फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाकर जांच कराई गई और साक्ष्य एकत्रित किए गए। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया था।

### कर्मचारियों पर गबन का केस दर्ज कराया

**ग्रेटर नोएडा।** कंपनी मालिक ने अपने दो कलेक्शन एजेंट और एक सेल्समैन पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि तीनों ने मिलकर कंपनी के करीब 21 लाख रुपये गबन कर लिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस के मुताबिक जय नारायण शर्मा ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ मिलकर कंपनी चलाते हैं। दंपति की कंपनी दूसरी कंपनी से सामान खरीद कर बाजार में बेचती है। दंपति ने दो कलेक्शन एजेंट अमित, श्याम और सेल्समैन राहुल कौशिक को नौकरी पर रखा है। आरोप है कि तीनों ने मिलकर कंपनी का सामान बेचा और उसके रुपये कंपनी के खाते में जमा नहीं कर आपस में बांट लिए ।कंपनी मालिक ने बाजार में जाकर दुकानदारों से पता किया तो करीब 21 लाख रुपये के गबन के बारे में जानकारी मिली। दंपति को शक है कि आरोपियों ने और भी रकम हड़पी है। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि दंपति की शिकायत पर आरोपी सेल्समैन राहुल कौशिक और कलेक्शन एजेंट अमित और श्याम के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### ग्रेटर नोएडा में मिष्ठान विक्रेता से साइबर ठगी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में एक मिष्ठान विक्रेता साइबर ठगी का शिकार हो गया। गुरुवार को एक अज्ञात व्यक्ति ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर पीड़ित से करीब 60 हजार रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित ललित सैनी ने तुरंत दनकौर कोतवाली की साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। ललित सैनी के मुताबिक, आरोपी ने फोन पर संपर्क कर लगभग 6 हजार रुपए के मिष्ठान का ऑर्डर दिया और ऑनलाइन भुगतान की बात कही। भुगतान के दौरान तकनीकी समस्या का बहाना बनाकर आरोपी ने उसे झांसे में लिया और खाते से करीब 60 हजार रुपए निकाल लिए। जब ललित ने दोबारा संपर्क करना चाहा तो आरोपी का मोबाइल बंद मिला। साइबर सेल प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि यह मामला साइबर ठगी का प्रतीत होता है, जिसमें आरोपी ने पुलिसकर्मी बनकर पीड़ित का विश्वास जीता। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि किसी अनजान व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन भुगतान या बैंक जानकारी मांगे जाने पर सावधानी बरतें और संदिग्ध कॉल या संदेश की तुरंत सूचना पुलिस को दें।

### ग्रेटर नोएडा : प्रॉपर्टी विवाद में बुजुर्ग पर हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में संपत्ति विवाद को लेकर एक बुजुर्ग महिला पर जानलेवा हमला किया गया है। आरोप है कि उनके बेटे और बहू ने दो अन्य लोगों के साथ मिलकर उन पर हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने इस मामले में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़ित बुजुर्ग महिला रेखा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बुधवार रात उनके बेटे आकाश और बहू रीता ने संपत्ति विवाद के चलते उन पर लात-घूंसों से हमला किया। उन्होंने ईंट से उनके सिर पर भी वार किया, जिससे वह बुरी तरह लहूलुहान हो गईं। रेखा का आरोप है कि इस हमले में आकाश और रीता के साथ रोहताश और धीरज भी शामिल थे, और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की दो दिवसीय जनसुनवाई शुरू

**गौतम बुद्ध नगर।** महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान और उन्हें न्याय दिलाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय महिला महा जनसुनवाई का आयोजन किया गया है। यह जनसुनवाई गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के ऑडिटोरियम में 13 और 14 नवंबर 2025 को आयोजित की जा रही है।



कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर, आयोग की सदस्य अर्चना मजूमदार, ममता कुमारी और डेलिना खोंगडुप के साथ जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर मेधा रूपम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर डॉ. विजया रहाटकर ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग का लक्ष्य देश की प्रत्येक महिला को न्याय, सम्मान और समान अवसर दिलाना है। राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार कार्यक्रम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य महिलाओं की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर सुनकर उनका समाधान सुनिश्चित करना है।

उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से आयोग सीधे उन महिलाओं तक पहुँच रहा है, जो किसी कारणवश अपनी शिकायत उच्च स्तर तक नहीं पहुँचा पातीं। यह कार्यक्रम महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ-साथ उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक भी करता है।

इस दो दिवसीय जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, संपत्ति विवाद, विवाह संबंधी प्रकरण, भरण-पोषण और साइबर क्राइम से संबंधित शिकायतों पर सुनवाई की जाएगी। कार्यक्रम में जिले की विभिन्न संस्थाओं से जुड़ी महिला प्रतिनिधियों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों एवं छात्राओं ने भी भाग लिया।

शिकायत निवारण के साथ-साथ, कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों, कानूनी प्रावधानों और आत्मनिर्भरता से जुड़ी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर की अध्यक्षता में आयोजित इस जनसुनवाई के दौरान महिलाओं की 200 शिकायतों का अनुश्रवण किया गया। संबंधित अधिकारियों को इन शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं।

# नोएडा की सड़क पर थार का 360 डिग्री स्टंट

**नोएडा।** नोएडा में थार कार से स्टंट किए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सेक्टर-128 की सड़क पर थार चालक कार को 360 डिग्री घुमाते हुए दिख रहा है।

उसके पास खड़ा एक युवक रील बना रहा है। वीडियो में दिख रहा है सड़क से गुजर रहे लोग इससे डर भी रहे है। वायरल वीडियो में दिख रहे नंबर प्लेट के आधार पर ट्रैफिक पुलिस ने 57 हजार 500 रुपए का चालान किया है। वायरल हो रहा वीडियो 22 सेकेंड का है। वीडियो में तीन काले रंग की थार है।

लेकिन 360 एंगल पर एक ही कार स्टंट कर रही है। चालान के बाद स्टंट कर रहे इन युवक और कार की तलाश भी की जा रही है। इसको सीज किया जाएगा। दरअसल इस समय नोएडा में हाईअलर्ट है। ऐसे में मुख्य सड़क पर इस तरह का स्टंट चौकाने वाला है। बता दे नोएडा में वाहनों से इस तरह के स्टंट पहले भी होते रहे है। जिसमें ट्रैफिक पुलिस ने चालान और एक्शन भी लिया है।

### गैंगस्टर एक्ट में फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की थाना बीटा 2 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। राहुल, मनोज और जाकिर नामक इन आरोपियों को आशियाना गोलचक्कर, गामा-1 से पकड़ा गया। ये लग्जरी गाड़ियों के टायर चोरी करने की वारदातों को अंजाम देते थे। बीटा 2 थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि यह एक सक्रिय गिरोह है, जिसका सरगना अंकित है। गिरोह के सदस्यों में राहुल, मनोज, मनीष कुमार और हर्ष उपाध्याय शामिल हैं। जाकिर चोरी का माल खरीदने वाला दुकानदार है। आरोपी रेकी कर लग्जरी वाहनों के टायर चोरी करते थे और उन्हें बेचकर अवैध धन कमाते थे। पुलिस ने पहले भी इन आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था। तब उनके पास से चोरी के लगभग 30 टायर मय रिम और बेची गई टायरों से मिली धनराशि बरामद हुई थी। इसी संबंध में थाना बीटा 2 पर उनके खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत मामला दर्ज किया गया था। पकड़े गए तीनों आरोपी तभी से फरार चल रहे थे। आज मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने उन्हें दोबारा गिरफ्तार कर लिया।

# नोएडा में युवक की मौत पर पांच के खिलाफ मुकदमा

## ढाई महीने पहले पंखे से लटकी मिली थी लाश, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा, जांच शुरू

**नोएडा।** सेक्टर-33 स्थित मोरना गांव में रहने वाले एक युवक की ढाई माह पहले संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के मौसा ने कोर्ट के आदेश पर साथ में रहने वाले पांच लोगों पर हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने का आरोप लगाते हुए सेक्टर-24 थाने में केस दर्ज कराया।

अलीगढ़ के गंगीरी थाना क्षेत्र के नंगला चौखे निवासी हरी सिंह ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि साढ़ू रनवीर



सिंह का बेटा कृष्णा सेक्टर-33 स्थित मोरना गांव में किराए के कमरे में रहता था।

उसके साथ पांच लड़के राहुल, रविंद्र, अनीष, राजू और विरेश भी रहते थे। आरोप है कि 31 अगस्त की रात कृष्णा की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, जबकि पांचों आरोपियों ने बताया कि कृष्णा ने फांसी लगा ली है। जांच में पता चला कि आरोपियों ने कृष्णा की हत्या करने के बाद शव को फंदे पर लटका दिया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी कृष्णा के शरीर पर चोट और अंगों पर सूजन के निशान थे।

हरी का कहना है कि कृष्णा परिवार में एकमात्र कमाने वाला था। उसके पिता की कई साल पहले मौत हो चुकी है।

आरोपियों ने हत्या को आत्महत्या दर्शाने के लिए उसके शव को फंदे पर लटकाया। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दी, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की। पुलिस का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# नोएडा में 1000 बायर्स को मिल सकती है राहत

## सिक्का बिल्डर को मिल सकेगा वित्तीय सहयोग, प्राधिकरण शर्त मानने पर मिल जाएगी मॉर्गेज परमिशन

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने सिक्का इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को सेक्टर-143बी स्थित उसके ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट 'सिक्का कर्णम ग्रीन्स' के लिए राज्य सरकार की रुकी हुई परियोजनाओं संबंधी नीति के तहत लाभ बहाल करने की सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।



हालांकि, यह राहत तभी प्रभावी होगी जब बिल्डर अपनी लंबित पुनरीक्षण याचिका राज्य सरकार से वापस लेगा।

प्राधिकरण ने पहले सिक्का को दिए गए सभी लाभ रद्द कर 252 करोड़ रुपए की वसूली के लिए आरसी जारी की थी। अब शर्तें पूरी होने पर यह आरसी वापस ली जाएगी। साथ ही, स्वामी इन्वेस्टमेंट फंड के पक्ष में दोबारा मॉर्गेज (पीटीएम) की अनुमति भी दी जाएगी। इससे बिल्डर को केंद्र सरकार समर्थित स्ट्रेस फंड से वित्तीय सहायता मिल सकेगी, जिससे अधूरी परियोजना को पूरा किया जा सकेगा।

सिक्का ने प्राधिकरण को 111 बिना बिके फ्लैट और दुकानों को कुल 252 करोड़ रुपए मूल्य की गारंटी के रूप में सौंपा है।

इनमें से 31 यूनिट सील की जा चुकी हैं, जबकि शेष 80 को सील किया जा रहा है। कंपनी का कहना है कि पीटीएम की मंजूरी मिलने पर ही स्वामी फंड लोन जारी कर पाएगा।

यह परियोजना 36,851 वर्गमीटर भूमि पर विकसित की जा रही है, जिसमें कुल 1,351 फ्लैट स्वीकृत हैं। अब तक 749 फ्लैट बनकर तैयार हो चुके हैं और 2019 में तीन टावरों के लिए आंशिक ओसी जारी की गई थी।

राज्य सरकार की 21 दिसंबर 2023 की लेगेसी स्टॉल्ड प्रोजेक्ट पॉलिसी के तहत बिल्डरों को बकाया का 25 प्रतिशत अग्रिम भुगतान और शेष राशि दो वर्षों में जमा करने की सुविधा दी गई थी।

# नोएडा प्राधिकरण ने एटीएस को जारी किया नोटिस

## 5 साल में खेल एक्टिवटी को नहीं किया पूरा, सात साल में नहीं बना सका फ्लैट

**नोएडा।** स्पोर्ट्स सिटी भूखंड संख्या एससी-01 सेक्टर 152 नोएडा का आवंटन 16 जुलाई 2015 को एटीएस होम्स प्राइवेट लिमिटेड कंसोर्टियम के पक्ष में किया गया। यह परियोजना कुल 10 सब डिवीजन में विभाजित है। जिनमें से चार उप-भूखंडों पर चार आवासीय टावर व 04 वाणिज्यिक भूखंडों के मानचित्र स्वीकृत किए गए। नियमों का उल्लंघन करने पर प्राधिकरण ने लीड मैंबर को नोटिस जारी किया है।




### समय पर नहीं किया निर्माण पूरा

लीज डीड की शर्तों के अनुसार आवंटी को 5 साल के अंदर खेल सुविधाओं का पूर्ण निर्माण व सात साल यानी 29 दिसंबर 2022 तक आवासीय, वाणिज्यिक निर्माण पूर्ण कर अधिभोग प्रमाण पत्र प्राप्त करना था ।प्राधिकरण के निरीक्षण एवं वर्क सर्किल टीम ने 4 नवंबर 2025 को किए गए स्थलीय निरीक्षण किया गया। यहां भूखंड पर निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया ऐसा पाया गया। यही नहीं डेवलपर ने अन्य सदस्य व मेंबर द्वारा प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत प्लान व बिल्डिंग बायलॉज के अनुसार निर्धारित अवधि में निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया है।

### ग्रीन एरिया के अनुसार नहीं शुरू किया काम

इसके अतिरिक्त, उप-भूखंडों में ग्रीन कवरेज व हरित क्षेत्र की स्वीकृत मात्रा के अनुसार भी निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है। बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद भी आवंटी द्वारा प्राधिकरण का बकाया भुगतान नहीं किया जा रहा है। ऐसे में प्राधिकरण ने उप-भूखण्ड के निर्धारित लीज डीड एवं न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के क्रम में लीड मैंबर को नियमों एवं शर्तों का उल्लंघन करने के लिए नोटिस भेजे गए।

# जिलाधिकारी ने कान्हा गौशाला बरखेड़ा का किया औचक निरीक्षण

## निरिक्षण के दौरान गौशाला मे भूसा और हरा चारा कम मात्रा मे पाया गया सुधार के दिय निर्देश

**बरखेड़ा।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने नगर पंचायत बरखेडा की कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निराश्रित पशुओं हेतु भूसा, पीने योग्य पानी, साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में गोवंशों की संख्या 195 पाई गई। उन्होंने गौशाला में उपस्थित पशु चिकित्सक को कृत्रिम गर्भाधान के निर्देश दिए ताकि गौवंश की नस्ल को सुधारा जा सके। निरीक्षण के दौरान एक गाय बीमारी पाई गई। उन्होंने पशु चिकित्सक निर्देश दिए कि गौवंश तुरन्त इलाज किया जाये तथा नियमित गौवंशों की देखरेख करना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने गौशाला को आदर्श गौशाला बनाए जाने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूसे की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की।

गौशाला में भूसे कम पाए जाने पर भूसे व हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिए गए। गोबर गैस प्लांट बन्द पाए जाने पर उसे ठीक कराये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गोवंशों को नियमित हरा चारा देने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पंचायत में निराश्रित गौवंशों को पकड़कर गौशाला में संरक्षित किए जाने हेतु निर्देशित किया तथा गौशाला की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। इस नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पशु चिकित्सक सहित अन्य उपस्थित रहे।

## चित्रकूट में ठंड लगने से महिला किसान की मौत

**चित्रकूट।** चित्रकूट के सरधुवा थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव में धान की कटाई करते समय ठंड लगने से एक महिला किसान की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया है। यह घटना गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे की है। 32 वर्षीय केतकी, जो बब्बू की पत्नी थीं, अपने खेत में धान काट रही थीं। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने तुरंत केतकी को पहाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां से उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने केतकी को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। गुरुवार को जिला मुख्यालय में शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। परिजनों ने घटना की जानकारी दी है।

# आजमगढ़ में प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक का मिला शव

**तालाब के किनारे पड़ा था, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप**

**आजमगढ़।** आजमगढ़ में गुरुवार दोपहर एक युवक का शव तालाब में मिला। युवक अपने भाई की ससुराल में अपनी प्रेमिका से मिलने गया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद घटनास्थल की जांच पड़ताल की।

वहीं, युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। युवक की भाभी ने बताया कि उसके मायके ओरिल (केवटाना) गांव में ही उसका घर के बगल की एक लड़की से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। वह उसी से मिलने आया था। यह मामला पवई थाना क्षेत्र के ओरिल (केवटाना) गांव का है। मृतक युवक की पहचान नरेंद्र बिंद (22) पुत्र रामकिशुन बिंद के रूप में हुई है। वह जौनपुर दिले के सरंपतहा थाना क्षेत्र के सुइथा कला का रहने वाला है। बुधवार दोपहर करीब 2 बजे वह अपने घर से ननिहाल आलमपुर बनपुरवा गांव (फूलपुर कोतवाली क्षेत्र) गया था।

परिवार के अनुसार, युवक घर वापस नहीं लौटा। तलाश के बाद गुरुवार को उसका शव ओरिल (केवटाना) गांव के बाहर तालाब के पास मिला।

### नरेंद्र ने फोन पर कहा- कुछ लोग मुझे मार रहे हैं

मृतक के पिता रामकिशुन बिंद ने बताया- मेरा बेटा नरेंद्र बुधवार को ननिहाल आलमपुर बनपुरवा गांव गया था और वहीं रात में रुका था। गुरुवार सुबह वह अपने मामा के लड़के राम अवतार के साथ घर से निकला था। कुछ दूरी पर पहुंचने के बाद राम अवतार को नहर के पास रुकने के लिए कहकर वह आगे चला गया।

## शार्ट न्यूज

### जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत नगर पंचायत कार्यालय बरखेडा में की बैठक



**बरखेड़ा।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने गाजीपुर मुगल एवं मचवाखेडा के उच्च प्राथमिक विद्यालयों तथा मॉडल प्राइमरी स्कूल पौटा कलां का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में मध्याहन भोजन, आंगनबाडी केन्द्र तथा अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। गाजीपुर मुगल उच्च प्राथमिक विद्यालय में फर्नीचर न मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये शीघ्र फर्नीचर की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिए। आंगनबाडी केन्द्र में हॉटकुक की व्यवस्था नहीं पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को दूरभाष पर वार्ता कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गणना प्रपत्र वितरण का स्थलीय सत्यापन किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय मचवाखेडा में पहुंचकर उन्होंने पंजीकृत छात्र/छात्राओं की संख्या जानी एवं अध्यापकों की उपस्थिति देखी।

### पुलिस के हत्थे चढ़े तीन वारंटी अभियुक्त



**ललितपुर।** सौजना पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के नेतृत्व में चलाए जा रहे वारण्टीगण की गिरफ्तारी हेतु अभियान के क्रम में थाना सौजना पुलिस द्वारा तीन वारण्टीगण जगदीश पुत्र पंचम उम्र करीब 35 वर्ष पंचम पुत्र दरऊ उम्र करीब 60 वर्ष हरीश्चन्द्र पुत्र पंचम उम्र करीब 30 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम मैनवार थाना सौजना ललितपुर संबन्धित मु0नं0 382/18 धारा 323/504/506/427 भादवि, को नियमानुसार गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम थानाध्यक्ष अजयपाल उ. नि. मुलायम सिंह उ. नि. राजेन्द्र सिंह कां. अंकित पटेल आदि शामिल रहे।

### नवजात शिशुओं को मिले तत्काल एम्बुलेंस सुविधा

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के मॉ मुक्तेश्वरी देवी सभागार में जिला बाल कल्याण एवं सखी वन स्टॉप सेंटर सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने चाइल्ड हेल्पलाइन और विशेष दत्तक ग्रहण इकाई को नवजात शिशुओं के मामलों में तत्काल एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने किशोर न्याय बोर्ड के लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने पर भी जोर दिया। जिलाधिकारी ने अपर चिकित्साधिकारी को विशेष रूप से निर्देशित किया कि चाइल्ड हेल्पलाइन/विशेष दत्तक ग्रहण इकाई को प्राप्त होने वाले नवजात शिशुओं के प्रकरणों में बिना देरी किए एम्बुलेंस की सुविधा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष किशोर पुलिस को गुमशुदा बच्चों की जानकारी पोर्टल पर फीड करने और चाइल्ड हेल्पलाइन से जुड़े बच्चों के पुनर्वासन के बाद फॉलोअप करने के निर्देश भी दिए।

### शिक्षक संघ ने बीएसए से की मुलाकात

**बिजनौर।** बिजनौर में शिक्षकों की लंबित समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ (पूर्व माध्यमिक) का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों से जुड़ी 15 प्रमुख मांगों पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके शीघ्र निस्तारण की मांग की। संघ ने बीएसए के समक्ष जिन मुद्दों को प्रमुखता से रखा, उनमें वेतन अवरुद्धता, चयन/प्रोन्नत वेतनमान, सेवा पुस्तिका अद्यतन, अवकाश स्वीकृति में देरी, पेंशन संबंधी अड़चनें, तथा महिला शिक्षिकाओं को 30 दिन का बाल्य देखभाल अवकाश प्रदान करने की मांग शामिल थी। बीएसए ने सभी बिंदुओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक हितों से जुड़े मामलों के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी और शीघ्र ही संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। बीएसए ने यह भी बताया कि शिक्षकों का डीए और बोनस अगले सप्ताह तक खातों में भेज दिया जाएगा।

### बस्ती में तेज रफ्तार ट्रेलर ने युवक को कुचला

**बस्ती।** बस्ती में गुरुवार को एक सड़क हादसे में हरैया थाना क्षेत्र के तेंनुआ गांव निवासी आबिद अली (33) पुत्र मोहम्मद इस्लाम की मौत हो गई। यह हादसा छावनी कस्बे के पास थाने के सामने हुआ। आबिद की बाइक पहले सामने जा रही ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई। टक्कर के बाद वह सड़क पर गिर गया और पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसे कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आबिद अली हरैया से अयोध्या की ओर जा रहा था। छावनी थाने के पास उसने एक ट्रैक्टर-ट्राली को ओवरटेक करने का प्रयास किया, तभी यह हादसा हुआ। ट्रेलर की गति इतनी तेज थी कि चालक ब्रेक नहीं लगा पाया और आबिद को कुचल दिया। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आबिद की मौत हो चुकी थी।

### जालौन में महिला को डंपर ने कुचला, मौत

**जालौन।** जालौन के आटा थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला अपने भतीजे के मुंडन समारोह से लौट रही थी, तभी तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गई। हादसे में महिला की सास और देवर बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार, जालौन कोतवाली क्षेत्र के अकोढ़ी दुबे गांव की रहने वाली श्रीकुमारी (30) पत्नी रामकुमार वर्मा अपने देवर दिलीप कुमार और सास ठाकुरबेटी के साथ आटा थाना क्षेत्र के अकबरपुर इटौरा गांव में भतीजे के मुंडन संस्कार में शामिल होने गई थीं। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद तीनों एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। आटा-इटौरा मार्ग पर बगिया के पास उनकी बाइक अचानक फिसल गई, जिससे तीनों सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने अनियंत्रित होकर श्रीकुमारी को रौंद दिया। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी सास और देवर को मामूली चोटें आईं।

### डायल-112 पुलिस की स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त

**संभल।** संभल में डायल-112 पुलिस की एक स्कॉर्पियो नीलगाय से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह घटना गुरुवार सुबह असमोली थाना क्षेत्र में हुई। हादसे में एक ग्रामीण भी मामूली रूप से घायल हो गया, जबकि वाहन में सवार पुलिसकर्मी सुरक्षित हैं। पुलिसकर्मी डायल 112 की स्कॉर्पियो से किसी कॉल पर जा रहे थे। महमूद नगर गांव के पास अचानक खेतों से निकलकर एक नीलगाय सड़क पर आ गई और सीधे गाड़ी से टकरा गई। नीलगाय से टकराने के बाद गाड़ी अनियंत्रित हो गई। चालक पुलिसकर्मी ने उसे नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन इसी दौरान गाड़ी सड़क पर चल रहे गांव अकबरपुर गहरा निवासी संतराम से हल्की टक्कर खा गई, जिससे वह चोटिल हो गए। इस दुर्घटना में पुलिस की स्कॉर्पियो क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि, गाड़ी में सवार सभी पुलिसकर्मी सुरक्षित बताए गए हैं। घायल ग्रामीण संतराम को स्थानीय लोगों ने घर पहुंचाया, जहां उनका निजी डॉक्टर द्वारा इलाज किया जा रहा है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**पूरनपुर।** पूरनपुर-खुटार हाईवे पर बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक की पहचान शिवम सिंह (30 वर्ष) पुत्र सुरेंद्र सिंह, निवासी गांव मुजफ्फरनगर थाना कोतवाली पूरनपुर के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक, शिवम बुधवार देर रात पूरनपुर से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह चीनी मिल के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और शिवम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायल को सीएचसी पूरनपुर पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजन और रिश्तेदार अस्पताल पहुंच गए।

# सड़क हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल

**पीलीभीत।** गुरुवार दोपहर करीब 1: 00 बजे गजरौला-पीलीभीत मार्ग पर मुंडेला कला गांव के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक और अर्टिगा कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई।

हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और सवार सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। हादसे की सूचना राहगीरों ने तुरंत 108 एंबुलेंस सेवा को दी।

सूचना मिलते ही एंबुलेंस कर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को



प्राथमिक उपचार देने के बाद तत्काल जिला अस्पताल पीलीभीत पहुंचाया। एंबुलेंस कर्मियों की तत्परता से घायलों की जान बचाई जा सकी। घायल युवकों की पहचान सुनील मिश्रा पुत्र शिव भगवान, उम्र लगभग 26 वर्ष, एवं श्यामू पुत्र जगदंबा प्रसाद, उम्र लगभग 22 वर्ष, दोनों निवासी जनपद बाराबंकी के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि दोनों युवक सितारगंज से अपने गांव बाराबंकी लौट रहे थे, तभी रास्ते में मुंडेला कला के पास सामने से आ रही एक अर्टिगा कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवकों के पैर टूट गए और शरीर पर कई गंभीर चोटें आईं।

तीसरे युवक की पहचान अभी नहीं हो सकी है, जिसे भी चोटें आई हैं और अस्पताल में इलाज जारी है। सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क किनारे हटवाकर यातायात सुचारू कराया। पुलिस ने कार चालक की तलाश शुरू कर दी है, जो टक्कर के बाद मौके से फरार बताया जा रहा है। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि दोनों युवकों की हालत गंभीर है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद आगे के इलाज के लिए बरेली रेफर किए जाने की संभावना जताई जा रही है।स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस टीम की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि यदि समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंचती तो हादसे में किसी की जान भी जा सकती थी।

# डिग्री कॉलेज में महिला सुरक्षा और साइबर क्राइम पर कार्यशाला आयोजित

## छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक, कहा सतर्कता ही सुरक्षा का सबसे बड़ा साधन

**बीसलपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा और साइबर क्राइम विषय पर गुरुवार को एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना बीसलपुर से पहुंचे सब इंस्पेक्टर हसमत अली, अंकुर कुमार और कंप्यूटर ऑपरेटर निकेत कुमार ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि ऑनलाइन ठगी, फेक लिंक, बैंकिंग



फ्रॉड और सोशल मीडिया पर उत्पीड़न जैसे अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में आवश्यक है कि हर नागरिक सावधान और सतर्क रहे। उन्होंने महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी भी साझा की।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अलका मेहरा ने कहा कि महिलाओं के प्रति हो रहे साइबर अपराधों में उनकी स्वयं की सावधानी ही उनका सबसे बड़ा बचाव है।

उन्होंने छात्राओं से आग्रह किया कि वे न केवल खुद जागरूक रहें बल्कि अपने परिवार और समाज की अन्य महिलाओं को भी साइबर सुरक्षा के प्रति सचेत करें।

कार्यशाला का आयोजन मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी डॉ. चन्द्रप्रभा गंगवार के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम में डॉ. पूर्णिमा भारद्वाज, डॉ. रोहित पटेल, डॉ. जगदम्बा गोंड, कार्यालय प्रभारी दिनेश कुमार, राम कुमार सहित समस्त स्टाफ ने सक्रिय सहयोग दिया।

# बाराबंकी में भीषण धमाका, 2 लोगों के चीथड़े उड़े

## 2 किमी दूर तक सुनाई दी गूंज; आसपास के मकानों में आई दरार

**बाराबंकी।** राजधानी लखनऊ से सटे बाराबंकी जिले की एक पटाखा फैक्ट्री में गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे विस्फोट हो गया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। उनके चीथड़े उड़ गए। एक व्यक्ति फैक्ट्री से करीब 100 मीटर दूर खेत में पड़ा था। उसकी अंतड़ियां बाहर आ गई थीं।

हादसे में 5 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। धमाका इतना जोरदार था कि इसकी गूंज 2 किमी दूर तक सुनाई दी। आसपास के मकानों में दरार आ गई। जिससे अफरा-तफरी मच गई। धमाके के तुरंत बाद फैक्ट्री और आसपास के कुछ मकानों में आग भी लग गई। इससे हालात और भयावह हो गए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। लेकिन उस वक्त भी फैक्ट्री में छोटे-छोटे विस्फोट हो रहे थे। इसलिए कर्मी पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। फायरकर्मियों ने आग पर काबू पाया है। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

## मां ने 10 महीने के बेटे को चूल्हे में डाला

**सोनभद्र।** सोनभद्र में एक मां ने अपने 10 महीने के बेटे को जलते चूल्हे में झोंक दिया। चूल्हे की आग में मासूम तड़प-तड़पकर जिंदा जल गया। बच्चे को मारने के बाद महिला ने खुद फंदे से लटकर अपनी जान दे दी। सुबह परिजन उठे तो देखा कि घर के बरामदे में रखे चूल्हे में मासूम का अधजला शव पड़ा था। घबराए परिजन कमरे में गए, देखा महिला फंदे से लटक रही थी। इसके बाद घर में कोहराम मच गया। पड़ोसी चीख-पुकार सुनकर दौड़े पहुंचे। किसी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजन के अनुसार, बुधवार को ही महिला अपने ससुराल से मायके आई थी। रात में फोन पर उसका अपने पति से झगड़ा हुआ था। घटना बभनी थानाक्षेत्र के जोबेदह आसनडीह गांव की बुधवार रात की है। दरअसल, मृतका राजपति का सोनभद्र के जोबेदह गांव में मायका है। बुधवार को वह अपने ससुराल से यहां आई थी। राजपति की शादी छत्तीसगढ़ के ढेंगरपानी के रहने वाले पतिराज से हुई थी। मायके वालों के अनुसार, बुधवार रात में सभी ने एक साथ खाना खाया। इसके बाद वह अपने 10 महीने के छोटे बेटे के साथ कमरे में सोने चली गई। जबकि उसका बड़ा बेटा अपने मामा के साथ दूसरे कमरे में सो रहा था। देर रात तक वह अपने पति से फोन पर बात करती रही।

# यातायात पुलिस की बड़ी कार्रवाही, 382 वाहनों के चालान तीन सीज

## प्रेशर हॉर्न मोडिफाइड साइलेंसर, ओवरहाइट वाहनों के विरुद्ध चलाया सघन चैकिंग अभियान

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में, यातायात प्रभारी, ललितपुर आलोक कुमार तिवारी द्वारा बीघाखेत टोल प्लाजा पर चालकों/परिचालकों को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान के दौरान वाहन चालकों को लेन ड्राइविंग( भारी वाहन/कंटेनर सदैव बाएं, हल्के/मध्यम वाहन मध्य में व ओवरटेक करने वाले



वाहनों को दाहिने से चलना चाहिए), फाग लाइट का प्रयोग, हाई बीम, लो बीम का उचित प्रयोग, सड़क के किनारे वाहन न पार्क करना,नशे के हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करना, गलत दिशा में वाहन न चलाना, ओवर स्पीडिंग न करना आदि के बारे में जागरूक किया गया। इसी क्रम में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया, और प्रवर्तन की कार्यवाही के अंतर्गत विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा 382 वाहनों का चालान व 03 वाहनों को सीज किया गया।

# एसपी ने किया तालबेहट कोतवाली का औचक निरीक्षण

**ललितपुर।** तालबेहट एसपी ने कोतवाली तालबेहट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अभिलेखों के रख-रखाव, महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष, भोजनालय व साफ-सफाई आदि की व्यवस्था परखी। साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा थाना तालबेहट का आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । थाना कार्यालय के रजिस्टरों को चेक किया गया तथा व्यवस्थित रखरखाव हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये । थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब/मादक पदार्थों/पशु



तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया ।

माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही व थाना स्तर पर टॉप-10 अपराधी व ।।स की सतत निगरानी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व मिशन शक्ति टीम को निरंतर थाना क्षेत्र स्कूल/कॉलेज/पार्कों आदि जगहो पर भ्रमण करने हेतु आदेशित किया गया जिससे महिला सम्बंधी अपराध न हो पाए तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करें ।

प्रभारी निरीक्षक थाना तालबेहट को साइबर अपराध जागरूकता अभियान चलाकर, आमजन को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया । एसपी द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना तालबेहट को थाना क्षेत्र में प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चौराहों ,सरार्फा बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि जगहो पर पेट्रोलिंग के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

सर्दी के मौसम के दृष्टिगत, लूट/चोरी/छिनैती आदि प्रकार की घटनाओं के पूर्व अपराधियों का भौतिक सत्यापन कर उनके विरूद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया ।

प्रभारी निरीक्षक तालबेहट को निर्देशित किया गया कि यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान बिना हेल्मेट/शराब पीकर आदि वाहन चालको की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

## खोए मोबाइल फोन की शिकायत अब आसान, पुलिस ने 78 के चेहरे पर लौटाई मुस्कान

**ललितपुर।** जाखलौन पुलिस की साइबर सेल टीम ने तकनीकी सूझबूझ से चोरी हुए 5 मोबाइल किए बरामद हैं। गुम हुए फोन पुलिस ने उनके मालिकों को लौटाया है। इन मोबाइल फोनों की कीमत 70 हजार रुपये तक है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जाखलौन के साइबर हेल्प डेस्क पर गिरे / खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी । थाना जाखलौन की साइबर हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित ष्टश्वढ्ढक्रपोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड किया गया व मोबाइल फोन के आईएमआईई नम्बरों को रन कराया गया । सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विश्षलेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 05 गिरे हुए / खोये हुए मोबाइल फोन्स बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया । पीड़ितों के मोबाइल फोन उन्हें वापस मिलने पर , उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक , ललितपुर व थाना जाखलौन पुलिस की भूरि – भूरि प्रशंसा की गयी । बरामद करने वाली टीम थानाध्यक्ष उ. नि. अभिषेक सिंह का. आ0 ग्रेड बी विवेक राज मिश्र आरक्षी अजय पाल सिंह आरक्षी संजय अवस्थी आरक्षी रामजी तिवारी थाना जाखलौन । मोबाइल फोन गिरने/खोने पर क्या करें। प्ले स्टोर से यूपी कॉप ऐप डाउनलोड करें ।

## संक्षिप्त समाचार

### तुर्की का मिलिट्री विमान जॉर्जिया में दुर्घटनाग्रस्त, 20 जवानों की मौत की आशंका

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्की का एक सैन्य मालवाहक विमान अजरबैजान की सीमा के निकट जॉर्जिया में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में चालक दल सहित 20 सैन्यकर्मी सवार थे। तुर्की और जॉर्जिया के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है, लेकिन हताहतों की सटीक संख्या के बारे में अभी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। तुर्की के समाचार चैनलों पर दिखाए गए वीडियो फुटेज में विमान को तेजी से नीचे गिरते हुए और सफेद धुएं के गुबार के साथ दुर्घटनाग्रस्त होते देखा गया। तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा की कि यह सी-130 विमान अजरबैजान से उड़ान भरकर तुर्की लौट रहा था, जब यह हादसे का शिकार हो गया। राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगन ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया और 'मृतकों' के प्रति संवेदना जाहिर की, जिससे संकेत मिलता है कि कई लोगों की जान जा चुकी हो सकती है। मंत्रालय के अनुसार, विमान में 20 सैन्यकर्मी सवार थे, जिनमें चालक दल के सदस्य भी शामिल थे। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि अजरबैजान और जॉर्जिया के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से खोज व बचाव अभियान शुरू कर दिया है। जॉर्जिया के गृह मंत्रालय ने कहा कि दुर्घटना सिग्नाघी नगरपालिका क्षेत्र में घटी, जो अजरबैजान सीमा के करीब स्थित है। विभाग ने मामले की जांच भी आरंभ कर दी है। एर्दोगन ने कहा कि वे इस हादसे से 'बहुत दुखी' हैं और प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी गहरी सहानुभूति व्यक्त करते हैं। बता दें कि सी-130 हरक्यूलिस विमान अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन द्वारा विकसित चार इंजन वाला टर्बोप्रॉप सैन्य परिवहन विमान है। इसे छोटे और अपर्याप्त रनवे से आसानी से उड़ान भरने व उतरने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका प्राइमरी कार्य माल ढोना, सैनिकों और उपकरणों का परिवहन करना है। इसके अलावा, इसे गनशिप, हवाई हमले और टोही अभियानों में भी इस्तेमाल किया जाता है।


### मालाबार युद्धाभ्यास में शामिल हुआ ऑस्ट्रेलिया, चीन की चुनौती से निपटने में जुटे क्वाड देश

**कैनबरा, एजेंसी।** हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में भारत, जापान और अमेरिका संयुक्त युद्धाभ्यास मालाबार में शिरकत कर रहे हैं। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया भी इसमें शामिल हो गया। मालाबार युद्धाभ्यास 10 नवंबर को शुरू हुआ था और 18 नवंबर तक चलेगा। ऑस्ट्रेलिया के युद्धाभ्यास में शामिल होने के बाद अब क्वाड के चारों सदस्य देश मालाबार युद्धाभ्यास का हिस्सा हैं। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि 'रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी का ईष्ट श्रेणी की फ्रिगेट एचएमएएस बालाराट और रॉयल ऑस्ट्रेलियन एअर फोर्स के पी-8ए पोसायडन मेरीटाइम पेट्रोल एयरक्राफ्ट मालाबार युद्धाभ्यास में हिस्सा लेंगे। पोसायडन गुआम के एंडरसन एअर फोर्स बेस से संचालित होगा।' ऑस्ट्रेलिया के चीफ ऑफ जॉइंट ऑपरेशन वाइस एडमिरल जस्टिन जोंस ने बताया कि मालाबार युद्धाभ्यास बढ़ती क्षेत्रीय साझेदारी और लगातार बदलती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने की अहमियत बताता है। मालाबार युद्धाभ्यास की शुरुआत साल 1992 में हुई थी। पहली बार अमेरिका और भारत ने इस युद्धाभ्यास में हिस्सा लिया। बाद में जापान और ऑस्ट्रेलिया भी इसमें शामिल हो गए। ये चारों देश ही क्वाड संगठन का हिस्सा है। ऐसे में मालाबार युद्धाभ्यास क्वाड देशों का युद्धाभ्यास बन गया है। हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में चीन की चुनौती लगातार बढ़ रही है। ऐसे में चीन की चुनौती से निपटने, हिंद प्रशांत क्षेत्र में नौवहन के मुक्त संचालन को सुनिश्चित करने के लिए मालाबार युद्धाभ्यास अहम है। युद्धाभ्यास में भाग ले रहे ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के जहाज के कमांडर डीन यूरेन ने कहा कि यह हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र के सदस्य देशों के बीच अंतरसंचालन को बेहतर करने का यह बेहतरीन अवसर है। क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ युद्धाभ्यास से हम हिंद प्रशांत क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने में सक्षम होंगे।

### चीन का 758 मीटर लंबा नया होंगची ब्रिज ढहा, उद्घाटन के 44 दिन बाद हादसा

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के सिचुआन प्रांत में हाल ही में शुरू हुआ होंगची ब्रिज आंशिक रूप से ढह गया। हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह पुल राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनाया गया था और इसकी लंबाई करीब 758 मीटर है। सोमवार दोपहर पुल के आसपास की पहाड़ी ढलानों और सड़कों पर दरारें दिखाई दीं। पहाड़ की जमीन खिसकने लगी तो प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से पुल को तत्काल बंद कर दिया। मंगलवार दोपहर हालात और बिगड़ गए। पहाड़ी से भारी मात्रा में मिट्टी खिसकने के बाद पुल का एक हिस्सा टूटकर ढह गया। अब तक किसी के घायल होने या मौत की सूचना नहीं मिली है। वीडियो में धूल का गुबार उठता दिखाई देता है और पुल के खंभे टूटकर नीचे पत्थरों और नदी में गिरते नजर आते हैं। यह पुल इसी साल पूरा हुआ था।

## सादरिस्ट का बहिष्कार, कम वोटिंग और कड़ी सुरक्षा; क्या संदेश दे रहा है बगदाद का जनादेश?




**बगदाद, एजेंसी।** इराक में मंगलवार को संसदीय चुनाव हुए, जो कड़ी सुरक्षा और एक बड़े राजनीतिक गुट के बहिष्कार से प्रभावित रहे। मतदान के दौरान हिंसा की सिर्फ एक बड़ी घटना सामने आई, जो कि उत्तरी शहर किर्कुक में दो दलों के समर्थकों के बीच झड़प में दो पुलिसकर्मी मारे गए। चुनाव अधिकारियों के अनुसार, पंजीकृत मतदाताओं में से 55% ने वोट डाला, लेकिन कुल 32 मिलियन योग्य मतदाताओं में से सिर्फ 21.4 मिलियन ने ही मतदाता कार्ड बनवाए, जो 2021 के चुनाव में 24 मिलियन से कम है।

बता दें कि यह चुनाव ऐसे समय में हुआ है जब क्षेत्र में पिछले दो वर्षों में बड़े बदलाव हुए हैं। उदाहरण के तौर पर गाजा और लेबनान में युद्ध, इस्राइल-ईरान संघर्ष और सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद के पतन जैसे घटनाक्रमों के बीच। ऐसे में अमेरिका भी इराक सरकार पर ईरान समर्थक सशस्त्र गुटों के प्रभाव को कम करने का दबाव बना रहा है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने कहा कि यह चुनाव जनता की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 2003 के बाद सिर्फ एक प्रधानमंत्री को ही दोबारा मौका मिला है।

**सादरिस्ट मूवमेंट का बहिष्कार :** प्रभावशाली शिया धर्मगुरु मुक्तदा अल-सद्र के नेतृत्व वाला सादरिस्ट मूवमेंट इस चुनाव से दूर रहा। 2021 में इस गुट ने सबसे ज्यादा सीटें जीती थीं, लेकिन सरकार गठन पर सहमति न बनने के बाद उसने संसद से इस्तीफा दे दिया और अब पूरे राजनीतिक सिस्टम का बहिष्कार कर रहा है। सदर सिटी (बगदाद के बाहरी इलाके) में सुरक्षा बेहद कड़ी थी, सड़कों पर बख्तरबंद गाड़ियां और विशेष बलों की तैनाती थी। वहां एक बड़ा बैनर लगा था, जिसमें अल-सद्र सैन्य वर्दी में हथियार लिए नजर आ रहे थे, साथ में लिखा था- मेरे लोग सदर सिटी में बहिष्कार कर रहे हैं। खास बात ये रही है कि मतदान केंद्र खुले तो थे, लेकिन लगभग खाली रहे। एक केंद्र, जहां 3,300 मतदाता पंजीकृत थे, वहां कुछ घंटों में केवल 60 लोगों ने वोट डाला। केंद्र के निदेशक अहमद अल-मुसावी ने कहा कि सादरिस्ट बहिष्कार का बड़ा असर पड़ा है। पहले लंबी कतारें लगती थीं, अब सन्नाटा है। स्थानीय निवासी सबीह दाखिल ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि शायद नए नेता जीवन स्तर सुधारें। जबकि दूसरे निवासी राफिद अजील ने कहा कि यह सरकार भ्रष्ट है, पहले भी भ्रष्ट थी, आगे भी वैसी ही होगी।

**किर्कुक में तनाव और हिंसा, समझिए कारण :** मतदान से पहले रात में किर्कुक में हिंसा भड़क उठी। यहां अरब, कुर्द, शिया और तुर्कमान समुदाय रहते हैं और यह इलाका लंबे समय से क्षेत्रीय विवाद का केंद्र रहा है। रात 2 बजे के करीब दो गुटों में झगड़ा हुआ जो बाद में गोलीबारी में बदल गया। इसमें दो पुलिसकर्मी मारे गए और दो नागरिक घायल हुए। 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, झगड़ा कुर्द पार्टी (पीयूके) और इराकी तुर्कमान फ्रंट के समर्थकों के बीच हुआ। सुबह तक स्थिति शांत हुई और धीरे-धीरे लोग वोट डालने पहुंचे। हालांकि, कई मतदाताओं ने राजनीतिक उदासीनता जताई। 60 वर्षीय नूरअदीन सालेह ने कहा, 'हम सिर्फ चेहरों को बदलते हैं, बाकी कुछ नहीं बदलता। अस्सीरी अल्पसंख्यक की बैन बहनम ने भी कहा, 'उम्मीदें खत्म हो चुकी हैं, लेकिन फिर भी हम वोट डालने आते हैं।

**भ्रष्टाचार और कानूनी विवाद :** मतदान से पहले भ्रष्टाचार और वोट खरीदने के कई आरोप लगे। सुरक्षा बलों ने पिछले हफ्ते 46 लोगों को गिरफ्तार किया, जो अवैध रूप से वोटर कार्ड खरीद-बेच रहे थे। उनके पास से 1,841 कार्ड बरामद हुए।इराक के सुप्रीम ज्यूडिशियल काउंसिल के प्रमुख ने भी कहा कि चुनाव की तारीख संवैधानिक नहीं है, क्योंकि इसे पहले 24 नवंबर तय किया गया था, बाद में बदलकर 12 नवंबर कर दिया गया।

## कंबोडिया और थाईलैंड में फिर छिड़ेगी जंग? थाई सेना ने रद्द किया ट्रंप का शांति समझौता



**बैंकॉक, एजेंसी।** थाईलैंड की सेना ने मंगलवार को कंबोडिया पर विवादित सीमा क्षेत्र में नई बारूदी सुरंगें बिछाने का आरोप लगाया। थाईलैंड ने दावा किया कि इन बारूदी सुरंगों के चलते उसके कई सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए। सीमा पर लैंडमाइन्स बिछाए जाने को थाईलैंड ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से प्रस्तावित शांति समझौते का उल्लंघन बताया। थाईलैंड की सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल विनथाई सुवारी ने बयान जारी करते हुए कहा कि फोरेंसिक अधिकारियों ने सोमवार (10 नवंबर,2025) को कंथारलक जिले में बारूदी सुरंगों वाले क्षेत्र की जांच-पड़ताल की। इस दौरान अधिकारियों को धमाके से बना एक गड्ढा और तीन अन्य बारूदी सुरंगों का पता चला। सीमा पर गश्त के दौरान 4 थाई सैनिक घायलथाई सेना की ओर से सोमवार को जारी बयान में कहा गया था कि सीमा पर गश्त करने के दौरान लैंडमाइन पर पैर पड़ने की वजह से चार सैनिक घायल हो गए। इनमें से एक सैनिक ने अपना पैर भी गंवा दिया। बैंकॉक पोस्ट के मुताबिक मेजर जनरल विनथाई ने कहा, ''इस तरह की घटना संघर्ष को कम करने में कंबोडिया के दोहरे रवैये को दर्शाता है। ये शत्रुता को भी दर्शाता है, जो संयुक्त रूप से माने गए समझौते का भी उल्लंघन है। कंबोडिया ने आरोपों को किया खारिज कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार की देर रात थाईलैंड के आरोपों को खारिज कर दिया। कंबोडिया की ओर से कहा गया कि कंबोडिया के गृह युद्ध के दौरान की एक पुरानी बारूदी सुरंग में धमाके की वजह से सोमवार को थाई सैनिक घायल हुए। कंबोडिया की ओर से कहा गया कि उसकी ओर से सीमा पर कोई भी नई लैंडमाइंस नहीं बिछाई गई हैं, जो आम नागरिकों के लिए खतरा बनें। थाईलैंड पर कंबोडिया ने जड़ा ये आरोप कंबोडियाई रक्षा मंत्रालय ने शांति समझौते की शर्तों और जेनेवा कन्वेंशन का सख्ती से पालन करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मंत्रालय ने थाईलैंड की ओर से कंबोडिया के साथ तमाम गतिविधियां सस्पेंड करने पर भी चिंता जताई। इसमें विवादित सीमा क्षेत्र से बड़े हथियारों को हटाने और कंबोडियाई युद्धबंदियों को छोड़े जाने पर सहमति बनी थी।

## संयुक्त राष्ट्र चीफ गुटेरस ने दिल्ली धमाके पर दुख जताया, जांच की मांग की

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने नई दिल्ली के लाल किले के पास हुए कार धमाके में जान गंवाने वालों के प्रति दुख जताया है। उनके प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि भारत सरकार और लोगों के लिए हम संवेदना व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना की पूरी तरह जांच जरूरी है।

मंगलवार को हुई इस घटना में 12 लोगों की मौत हुई और कई लोग घायल हुए। संयुक्त राष्ट्र प्रवक्ता से इस मामले और इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती हमले के बारे में सवाल पूछे गए थे। इस्लामाबाद के हमले पर उन्होंने कहा कि महासचिव इस घटना से बेहद दुखी हैं। उन्होंने पीड़ितों के परिवारों के लिए संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की। गुटेरस ने कहा कि आतंकवाद और हिंसा की हर घटना की कड़ी निंदा की जानी चाहिए और दोषियों को सज़ा मिले। इसके लिए पूरी जांच होनी चाहिए। इस्लामाबाद में मंगलवार को एक आत्मघाती हमलावर ने पुलिस वाहन के पास खुद को उड़ा लिया। इस हमले में 12 लोगों की मौत और 36 लोग घायल हुए।

**जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह के बिना चुनाव नहीं: बांग्लादेश की इस्लामी पार्टी : ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी ने मंगलवार को फरवरी में प्रस्तावित आम चुनाव का कड़ा विरोध किया और कहा कि जब तक जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह कर उसे 'कानूनी आधार' नहीं दिया जाता, तब तक चुनाव नहीं हो सकता। ढाका में अपने सात इस्लामी सहयोगियों के साथ आयोजित एक रैली में जमात प्रमुख शफीकुर रहमान ने कहा, इस देश के स्वतंत्रता-प्रेमी लोगों का एक ही संदेश है-आम चुनाव से पहले एक राष्ट्रीय जनमत संग्रह होना चाहिए। यह रैली जमात की ताकत दिखाने का एक प्रयास मानी जा रही है।

## 11 साल बाद हमास ने इस्राइल को लौटाया सैनिक का शव, अंतिम संस्कार में उमड़ी हजारों की भीड़



**यरुशलम, एजेंसी।** मध्य इस्राइल में मंगलवार (11 नवंबर,2025) को 11 साल बाद गाजा से लौटे इस्राइली सैनिक के शव के अंतिम संस्कार में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सैनिक के अंतिम संस्कार के दौरान हाथों में इस्राइल का झंडा लिए हुए भारी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। इसके चलते श्मशान और आस-पास की तमाम गलियां जाम हो गईं। लेफ्टिनेंट हैदर गोल्डिन का अंतिम संस्कार उनके परिवार वालों के लिए भावुक कर देने वाला पल था। दरअसल, लेफ्टिनेंट के परिवार ने उनके शव को वापस इस्राइल लाने के लिए एक बड़ा सार्वजनिक अभियान चलाया था। हमास ने 9 नवंबर, 2025 को उनके शव का अवशेष इस्राइल को वापस भेजा। वहीं 7 अक्तूबर, 2023 को हमास के हमले में चार बंधकों के शवों को गाजा ले जाने के बाद इस्राइल के साथ युद्ध छिड़ गया था। ये शव अभी भी गाजा में ही हैं। 2014 में इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम के एलान के दो घंटे बाद 23 साल के गोल्डिन की मौत हो गई थी। कई वर्षों तक गोल्डिन और एक अन्य सैनिक ओरॉन शॉल के पोस्टर इस्राइल की गलियों में दिखते थे। वहीं, उनके परिवारों की ओर से शवों को वापस लाने के लिए अभियान चलाया जा रहा था। इस्राइली सेना की ओर से बहुत पहले साफ कर दिया गया था कि गोल्डिन की हत्या हो चुकी है और सबूत के तौर पर सुरंग में उसकी खून से सनी शर्ट बरामद की गई थी। बीते वर्षों में गोल्डिन के शव की पहचान होने के बाद उनके परिजनों ने कई बार निराशा जाहिर की। परिजनों ने कहा था कि उनके बेटे का शव न इस्राइली सेना और न ही कोई अन्य वापस लेकर आया। इसे एक तरह से प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आलोचना के तौर पर देखा गया। वहीं, नेतन्याहू ने हालिया कैबिनेट बैठक में कहा, ''इस्राइली सैनिक का शव हमास के कब्जे में लंबे समय तक रहने से परिवार को बहुत पीड़ा झेलनी पड़ी। अब वे उसका अंतिम संस्कार कर सकेंगे।'' गौरतलब है कि ओरॉन शॉल का शव साल की शुरुआत में ही इस्राइल वापस आ गया था। गोल्डिन के परिजनों ने नाराजगी जताते हुए कहा, ''हैदर जंग लड़ने गया था और इस्राइली सेना ने उसे छोड़ दिया। इस्राइली सेना ने हमारे और उसके मानवीय अधिकारों को खत्म कर दिया।'' गोल्डिन के शव को वापस लाने की शुरुआती कोशिशों में दर्जनों फलस्तीनी मारे गए थे। फलस्तीन की ओर से इसे अंधाधुंध गोलीबारी बताया गया था। गोल्डिन के शव को पाने के लिए इस्राइल ने हैनीबेल प्रोटोकॉल लागू किया था। इसके तहत इस्राइली सेना को भारी हथियार और सैन्यबल के इस्तेमाल की छूट मिलती है। गोल्डिन की तलाश में इस्राइली सेना ने गाजा शहर में भीषण गोलीबारी और एयरस्ट्राइक की थीं, जिनमें 110 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई थी। 2016 में भारी आलोचना के बाद हैनीबेल प्रोटोकॉल को रद्द कर दिया गया था। 2014 में हुई इस्राइल और हमास की जंग में 2200 फलस्तीनियों की मौत हो गई थी।


## एच-1बी वीजा पर नरम पड़े ट्रंप; कहा- अमेरिका को चाहिए टैलेंट, सिर्फ बेरोजगारों पर निर्भर नहीं रह सकते

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने अब तक के सख्त रुख से पीछे हटते हुए कहा है कि देश को विदेशी कुशल लोगों की जरूरत है। उन्होंने माना कि अमेरिका केवल लंबे समय से बेरोजगार बैठे लोगों पर निर्भर रहकर अपनी इंडस्ट्री और टेक्नोलॉजी को आगे नहीं बढ़ा सकता। एक समाचार चैनल को दिए एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को अपने उद्योगों और रक्षा क्षेत्र में विशेषज्ञता वाले लोगों की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'मैं सहमत हूं कि हमें अमेरिकी मजदूरों की तनख्वाह बढ़ानी चाहिए, लेकिन हमें यह टैलेंट भी लाना होगा। अमेरिका को दुनिया में आगे बनाए रखने के लिए ये जरूरी है।'

**नई वीजा नीति में बड़ा बदलाव :** इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने सितंबर महीने में एक आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके बाद एच-1बी वीजा आवेदन की फीस में बड़ा इजाफा किया गया। अब नए वीजा के लिए 1,500 डॉलर की जगह 1 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 83 लाख रुपये) फीस देनी होगी। यह नियम 21 सितंबर के बाद दाखिल किए गए सभी नए आवेदन या 2026 की वीजा लॉटरी में शामिल होने वालों पर लागू होगा। हालांकि, जो लोग पहले से वीजा पर हैं या जिनके आवेदन पहले दिए गए हैं, वे इस नए नियम से प्रभावित नहीं होंगे।

**हर बेरोजगार को नहीं सिखाया जा सकता मिसाइल बनाना :** जब इंटरव्यू में उनसे पूछा गया कि अमेरिका में पहले से काफी प्रतिभाशाली लोग हैं, तो ट्रंप ने कहा, 'नहीं, ऐसा नहीं है। कुछ खास स्किल्स ऐसी हैं जो हमारे पास नहीं हैं। आप बेरोजगारों को सीधा नहीं कह सकते कि 'चलो, अब मिसाइल बनाना सीखो।' उन्हें ट्रेनिंग और अनुभव चाहिए। राष्ट्रपति ट्रंप ने जॉर्जिया राज्य का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां एक ह्युंडई बैटरी फैक्ट्री में जब दक्षिण कोरिया से आए कुशल मजदूरों को वापस भेजा गया, तो उत्पादन में भारी दिक्कतें आईं। उन्होंने कहा, 'बैटरियां बनाना बहुत जटिल और खतरनाक काम है। कई विस्फोट की घटनाएं होती हैं। कोरिया से आए लोग इस काम में माहिर थे और वहीं से अमेरिकी कर्मचारियों को सिखा रहे थे। जब उन्हें भेज दिया गया, तो पूरी व्यवस्था ठप हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह बयान उनके पुराने रुख से बिल्कुल अलग माना जा रहा है। पहले ट्रंप विदेशी कामगारों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते रहे हैं और कहते थे कि इससे अमेरिकी नौकरियां छिनती हैं। लेकिन अब उन्होंने खुद कहा है कि 'देश में ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित करने में कई साल लगेंगे। तब तक हमें विशेषज्ञों को लाना ही होगा।

## सुप्रीम कोर्ट का एसएनएपी फूड सहायता पर रोक का आदेश जारी, शटडाउन के बीच अब कैसे गहराया भूख का संकट?



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में जारी सरकारी शटडाउन के चलते अब भूख का संकट गहरा होता दिख रहा है। कारण है कि एक तरफ जहां शटडाउन के जल्दी खत्म होने की बात खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। तो दूसरी ओर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (एसएनएपी) यानी खाद्य सहायता योजना के पूर्ण भुगतान पर लगी अस्थायी रोक को कुछ और दिनों के लिए बढ़ा दिया है। अदालत का यह आदेश गुरुवार रात तक प्रभावी रहेगा। यह फैसला ऐसे समय आया है जब संकेत मिल रहे हैं कि सरकारी शटडाउन जल्द खत्म हो सकता है और इससे करोड़ों लोगों को मिलने वाली फूड सहायता बहाल हो सकती है।

SNAP कार्यक्रम के तहत करीब 4.2 करोड़ अमेरिकी नागरिकों को खाने-पीने की चीजें खरीदने में मदद मिलती है। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट के इस कदम से राज्यों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। कुछ राज्यों में लाभार्थियों को पूरा मासिक राशन मिल चुका है, जबकि कुछ को आंशिक या बिल्कुल नहीं मिला। अदालत ने फिलहाल कोई बड़ा कानूनी फैसला देने से परहेज करते हुए स्थिति को अस्थायी रूप से यथावत रखा है।

**जरूरतमंदों की बढ़ी मुश्किलें, समझिए कैसे :** अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में कुछ लोगों को नवंबर का पूरा लाभ मिल गया, लेकिन कई लोगों को अब तक कुछ नहीं मिला। 41 वर्षीय जिम मलियार्ड जो अपनी बीमार पत्नी और बेटी की देखभाल करते हैं, उन्होंने बताया कि उन्हें पिछले दो हफ्तों से 350 डॉलर की मासिक एसएनएपी सहायता नहीं मिली। अब उनके पास सिर्फ .10 बचे हैं और परिवार चावल व इंस्टेंट नूडल्स पर गुजारा कर रहा है। उन्होंने कहा कि हर रात खर्च गिनता हूं ताकि परिवार का पेट चल सके। चिंता मेरी सबसे बड़ी दुश्मन बन गई है। इस संकट के बीच कई आम नागरिक मदद के लिए आगे आए हैं। न्यूयॉर्क की शिक्षिका एशली ऑक्सेनफोर्ड ने अपने घर के सामने 'लिटिल फूड पैंट्री' लगाई ताकि जरूरतमंद पड़ोसियों को खाना मिल सके। बता दें कि ट्रंप प्रशासन ने शटडाउन के कारण अक्तूबर के बाद एसएनएपी फंडिंग रोकने का निर्णय लिया था, जिससे देशभर में मुकदमे शुरू हो गए। कुछ अदालतों ने सरकार को कम से कम आंशिक भुगतान करने का आदेश दिया, जिसके बाद प्रशासन ने 65प्रतिशत तक लाभ देने की बात मानी।

## राजील में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के दौरान प्रदर्शन-झड़प, जानें क्यों नाराज हैं आदिवासी समुदाय




**बेलेम, एजेंसी।** ब्राजील के अमेजन शहर बेलेम में चल रहे संयुक्त राष्ट्र के जलवायु सम्मेलन (कॉप30) के मुख्य स्थल पर मंगलवार को कुछ प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा कर्मियों के बीच झड़प हो गई। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कुछ देर के लिए सुरक्षा घेरा तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की, जिसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें पीछे धकेल दिया। इस दौरान दो सुरक्षाकर्मियों को मामूली चोटें आईं।

**ब्राजील और संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा टीम ने की कार्रवाई :** मामले में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन संगठन ने एक बयान में कहा, 'आज शाम, कुछ प्रदर्शनकारियों ने मुख्य प्रवेश द्वार पर सुरक्षा बैरियर तोड़ दिए, जिससे दो सुरक्षा कर्मियों को हल्की चोटें आईं और स्थल को मामूली नुकसान हुआ। ब्राजील और संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा टीम ने तय प्रोटोकॉल के अनुसार तुरंत कार्रवाई की। फिलहाल स्थल पूरी तरह सुरक्षित है और सम्मेलन की बातचीत सामान्य रूप से जारी है।

**झड़प से पहले क्या हुआ था :** घटना उस समय हुई जब दिन का सत्र समाप्त हो रहा था और लोग सम्मेलन स्थल से बाहर निकल रहे थे। प्रदर्शनकारियों में कुछ लोग पीली टी-शर्ट में थे, जबकि कुछ आदिवासी समुदाय के पारंपरिक वस्त्र पहने हुए थे। ग्लोबल यूथ गठबंधन के युवा समन्वयक अगस्टिन ओकान्या, जो मौके पर मौजूद थे, ने बताया कि प्रदर्शनकारी शुरू में नाच-गाकर नारे लगा रहे थे। वह भी उनके साथ चलने लगे क्योंकि उनके कुछ दोस्त आदिवासी समूह में थे। ओकान्या के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं था कि पहले किसने सुरक्षा घेरा तोड़ा, लेकिन जैसे ही गार्डों ने दरवाजे बंद करने की कोशिश की और अतिरिक्त सुरक्षा बुला ली, स्थिति बिगड़ गई। उन्होंने कहा कि कुछ लोग 'वे हमारे बिना हमारे लिए फैसले नहीं कर सकते' के नारे लगा रहे थे। यह नारा इस बात का प्रतीक था कि आदिवासी समुदाय महसूस करते हैं कि जलवायु वार्ताओं में उनकी भागीदारी को नजरअंदाज किया जा रहा है।

**मौके पर मची अफरातफरी :** जब टकराव बढ़ा, तो दोनों पक्षों के कुछ लोगों ने पास रखे छोटे प्लास्टिक के बक्सों से एक-दूसरे को मारना शुरू कर दिया। ओकान्या ने बताया कि एक सुरक्षा कर्मी के सिर में चोट लगी और दो-तीन लोगों के शरीर पर चोट के निशान थे।

**आदिवासी समुदायों की नाराजगी क्यों? :** ओकान्या ने कहा कि कई आदिवासी समुदाय नाराज हैं क्योंकि सरकार और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां जलवायु सम्मेलन के लिए 'एक नया शहर खड़ा करने' में भारी धन लगा रही हैं, जबकि उनके क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और जंगलों की सुरक्षा जैसी बुनियादी जरूरतें अब भी अधूरी हैं। उन्होंने कहा, 'ये लोग बुरे नहीं हैं। वे हताश हैं, अपनी जमीन और नदी की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं।' ओकान्या ने चेतावनी दी कि अगर दुनिया जलवायु संरक्षण पर सिर्फ बातें करती रही और ठोस कदम नहीं उठाए, तो इस तरह की घटनाएं आगे भी हो सकती हैं। उन्होंने कहा, 'यह घटना बस एक छोटी झलक है, अगर हमने धरती को बचाने की बातों को यूं ही टालते रहे, तो हालात और गंभीर हो सकते हैं।

# भारत दक्षिण अफ्रीका पहला टेस्ट आज से

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शुक्रवार से यहां पहला क्रिकेट टेस्ट मैच ऐतिहासिक ईडन गार्डन के मैदान पर खेला जाएगा। इस मैच में दोनो ही टीम जीत के इरादे से उतरेंगी। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) को देखते हुए भी ये सीरीज बेहद अहम मानी जा रही है। इस मैच से आक्रमक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत वापसी करेंगे। वह इंग्लैंड दौरे में अंगूठे में हुए फ्रैक्चर के बाद से ही टीम से बाहर थे। ऐसे में सभी की नजरें उनके उपर रहेंगी। इसके अलावा भारत ए की ओर से शानदार प्रदर्शन करने वाले ध्रुप जुरेल भी इस मैच में खेलेंगे।

इस मैच में भारतीय टीम के बल्लेबाजों को दक्षिण अफ्रीकी टीम के तेज ओर स्पिन आक्रमण का सामना करना होगा। इस मैदान पर स्पिनरों को सहायता मिलती है जिसका लाभ दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर उठाना चाहेंगे। दक्षिण अफ्रीका गेंदबाजी आक्रमण की धार इस समय स्पिनरों पर निर्भर है और ऐसे में भारतीय बल्लेबाजों को सावधान रहना होगा। दक्षिण अफ्रीकी के पास अधिकतर समय अच्छे तेज गेंदबाज रहे हैं पर इस बार टीम स्पिनरों के भरोसे है। पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही में उसने सीरीज 1-1 से ड्रॉ खेली थी। उसमें उसके मुख्य स्पिनरों केशव महाराज, साइमन हार्मर और सेनुरान मुथुस्वामी ने 39 में से 35 विकेट लिए थे।

वहीं भारतीय टीम के सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों का तरीका उपमहाद्वीप के गेंदबाजों के समान है। उन्होंने कहा, 'उनके पास चार स्पिनर हैं जिनमे से वे तीन को उतार सकते हैं। ऐसा लग रहा है कि हम उपमहाद्वीप की किसी टीम के खिलाफ खेलने वाले हैं। उन्होंने कहा, 'हमने इस पर बात की है। हमने न्यूजीलैंड के खिलाफ खराब प्रदर्शन वाली सीरीज से सबक लिया है। दक्षिण अफ्रीकाा के गेंदबाज हार्मर भी 1000 प्रथम श्रेणी विकेट ले चुके हैं और भारत के हालात को जानते हैं।

दस साल पहले हाशिम अमला की कप्तानी में इस गेंदबाज ने दो टेस्ट खेलकर चेतेश्वर पुजारा, रोहित शर्मा और रिधिमान साहा के विकेट लिए थे। एक दशक बाद भी वह उतने ही चतुर गेंदबाज हैं। उन्होंने रावलपिंडी में में 8 विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाई और सीरीज ड्रॉ भी कराई। वहीं केशव महाराज सबसे सटीक और आक्रामक स्पिनरों में से एक हैं। ऐसे में भारतीय बल्लेबाजों और दक्षिण अफ्रीका के स्पिनरों के बीच मुकाबला रोमांचक होना तय है।




ईडन की पिच से स्पिनरों का पहले भी सहायात मिलती रही है। वहीं बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा है कि यह टर्निंग पिच नहीं होगी। इससे जसप्रीत बुमराह को सहायता मिल सकती है। बुमराह आम तौर पर शुरूआत में मूवमेंट और बाद में रिवर्स स्विंग देने वाली पिच पर भारत के तुरप का इक्का साबित हो सकते हैं। भारतीय टीम इस मैच में दो तेज गेंदबाजों को उतार सकता है और घरेलू मैदान होने से युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप को भी इसमें अवसर मिल सकता है।

शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम से यहां सभी को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। उसने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था वेस्टइंडीज की कमजोर टीम को 2-0 से हराने पर उसे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में अधिक लाभ नहीं मिला है । ऐसे में वह इस सीरीज मे जीत चाहेगी। ऋषभ इस सीरीज से वापसी करते हुए अच्छी बल्लेबाजी करना चाहेंगे। उनके अलावा जुरेल के बतौर बल्लेबाज खेलने से भी भारत का मध्यक्रम मजबूत हुआ है। न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में 16 विकेट लेने वाले वॉशिंगटन सुंदर भी इस सीरीर में अंतर पैदा करेंगे। वहीं दूसरी ओर तेम्बा बावुमा की कप्तानी वाली दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी एडेन मार्करम, रियान रिकेलटन, ट्रिस्टन स्टब्स , काइल वेरेने , डेवाल्ड ब्रेविस पर निर्भर करेगी। इसके अलावा टीम के पास कोर्बिन बोश, वियान मूल्डर, मार्को यानसेन जैसे अच्छे खिलाड़ी हैं। कुल मिलाकर ये मुकाबला रोमांचक रहना तय है

## टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** ़ शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, साइ सुदर्शन, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, देवदत्त पडिक्कल

**दक्षिण अफ्रीका** ़तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्करम, रियान रिकेलटन, ट्रिस्टन स्टब्स , काइल वेरेने , डेवाल्ड ब्रेविस, जुबैर हमजा, टोनी डि जोर्जी, कोर्बिन बोश, वियान मूल्डर, मार्को यानसेन, केशव महाराज, सेनुरान मुथुस्वामी , कैगिसो रबाडा, साइमन हार्मर

# दक्षिण अफ्रीकी कप्तान लॉरा बनी आईसीसी की अक्टूबर महीने की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने दक्षिण अफ्रीकी महिला क्रिकेट टीम की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट को अच्छे प्रदर्शन और कप्तानी के लिए अक्टूबर माह के प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड से सम्मानित किया है। वोल्वार्ड्ट ने महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के दौरान वोल्वार्ड्ट ने न केवल सबसे अधिक रन बनाए, बल्कि अपनी टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान इस खिलाड़ी ने आठ मैचों में 470 रन बनाये और उनका औसत रहा 67.14 वहीं स्ट्राइक रेट 97.91 रहा है।

वोल्वार्ड्ट ने महिला विश्व कप 2025 में आठ मैचों में कुल 470 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने तीन अर्धशतक और एक शतक लगाया है। वोल्वार्ड्ट ने अपने प्रदर्शन से कई मैचों में टीम को जीत दिलायी। शुरुआती मैचों में टीम की हार के बाद भी उसके फाइनल तक के सफर में इस खिलाड़ी के अच्छे प्रदर्शन की अहम भूमिका रही। हर मैच में उन्होंने रन बनाए और टीम को मजबूत किया। इस क्रिकेटर ने 67.14 की औसत और 97.91 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं।

वोल्वार्ड्ट ने कहा, 'महिला क्रिकेट के लिए यह एक ऐतिहासिक आयोजन था, और भारत में विश्व कप प्रदर्शन के बाद यह सम्मान मिलना मेरे लिए गर्व व सम्मान की बात है। टूर्नामेंट में कई शानदार मैच हुए और खिलाड़ियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। यह सम्मान मेरे लिए बहुत महत्व रखता है।' उन्होंने कहा कि भले ही टीम खिताब नहीं जीत सकी पर वह अपनी टीम की आक्रामक भावना और निरंतरता पर गर्व का अनुभव करता है। 'हमें पूरा भरोसा है कि अगला विश्व कप खिताब अब हमारी टीम जीतेगी।'

वोल्वार्ड्ट ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के 143 गेंदों पर 169 रन बनाये। उनकी इस पारी के बल पर ही टीम पहली बार महिला विश्व कप फाइनल में पहुंची। यह पारी न केवल टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक रही, बल्कि उनके करियर का भी मील का पत्थर साबित हुई।

# लखनऊ सुपर जाइंट्स से रिलीज हो सकते हैं शार्दुल ठाकुर, इस टीम के लिए खेलेंगे आईपीएल 2026



**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ एक ऑलकैश ट्रेड डील के तहत समझौता कर लिया है। बताया गया है कि दोनों फ्रेंचाइजियों ने IPL को अपनी रुचि के बारे में जानकारी दी है और जरूरी औपचारिकताओं के पूरा होते ही इस सौदे को आधिकारिक रूप से मंजूरी मिल जाएगी। यह नया बदलाव दर्शाता है कि शार्दुल IPL के इतिहास में एक अद्वितीय कीर्तिमान बनाने जा रहे हैं। यह उनके IPL करियर का तीसरा ट्रांसफर होगा। 2017 में राइजगिं पुणे सुपरजायंट ने उन्हें किंग्स इलेवन पंजाब (जो अब पंजाब किंग्स है) से अधिग्रहित किया था। इसके बाद 2023 के सीजन से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें दिल्ली कैपिटल्स से अपने साथ शामिल किया था। यह ध्यान देने योग्य है कि दोनों बार यह व्यापार पूरी तरह से ऑल कैश डील पर आधारित था। ठाकुर 2025 के मेगा ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे और काउंटी चैम्पियनशिप में ऐसेक्स से जुड़ने वाले थे, लेकिन LSG ने उन्हें मोहसिन खान के रिप्लेसमेंट के तौर पर उनके बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए में चुना था। उस समय रस्त्र के मेंटॉर जहीर खान का यह फैसला अच्छा निवेश साबित हुआ था। ठाकुर ने IPL 2025 के शुरुआती दो मैचों में छह विकेट लिए थे। हालांकि इसके बाद उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और उन्होंने कुल 10 मैचों में 13 विकेट लिए। साथ ही उनकी इकॉनमी रेट 11.02 रही। मुम्बई इंडियंस की टीम में फिर से शामिल होना उनके लिए घर वापसी जैसा होगा। ठाकुर 2010 से 2012 तक मुंबई टीम के सपोर्ट बोलर रहे थे और घरेलू क्रिकेट में मुंबई टीम के कप्तान भी रह चुके हैं।

# डफी की कहर बरपाती गेंदबाजी, न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को धोकर 3-1 से सीरीज जीती

**डुनेडिन (न्यूजीलैंड) (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने गुरुवार को डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल में पांच मैचों की टी20 सीरीज के पांचवें और आखिरी मैच में वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ, मिशेल सैंटनर की अगुवाई वाली टीम ने सीरीज 3-1 से अपने नाम कर ली। चौथा टी20 मैच बारिश की भेंट चढ़ने के बाद 2-1 की अजेय बढ़त हासिल करने के बाद, न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने कीवी टीम को जोरदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने तीन विकेट जल्दी चटकाए और विपक्षी टीम के शीर्ष क्रम को तहस-नहस कर दिया। वेस्टइंडीज का स्कोर महज 2.4 ओवर में 21/4 हो गया। इसके बाद, वेस्टइंडीज वापसी नहीं कर सका और केवल 140 रन ही बना सका। डफी ने 4-35 के प्रभावशाली गेंदबाजी आंकड़े दर्ज किए, जबकि रोस्टन चेस 32 गेंदों में 38 रन बनाकर मेहमान टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। रोमारियो शेफर्ड ने भी अंत में बढ़त हासिल की और 22 गेंदों में 36 रन बनाकर वेस्टइंडीज को अंत में सम्मानजनक स्कोर दिया। न्यूजीलैंड ने तेजी से लक्ष्य का पीछा किया। सलामी बल्लेबाज टिम रॉबिन्सन और डेवोन कॉनवे ने शानदार शुरुआत की और सिर्फ सात ओवर में 69 रन बनाकर मैच को वेस्टइंडीज की पहुंच से दूर कर दिया। रॉबिन्सन ने आक्रामक 45 रनों के साथ आक्रमण का नेतृत्व किया, जबकि कॉनवे ने धैर्यपूर्वक पारी को संभाला, 47 रन बनाकर नाबाद रहे और टीम को जीत दिलाई। मार्क चैपमैन ने 13 गेंदों में तेजी से 21 रन जोड़कर गति बनाए रखी। दोनों टीमें अब तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में आमने-सामने होंगी, जहाँ वेस्टइंडीज़ को अल्ज़ारी जोसेफ, शमर जोसेफ, रेमन सिमंड्स और जेडियाह ब्लेड्स की चोटों के कारण सेवाएँ नहीं मिलेंगी। पहला एकदिवसीय मैच रविवार को क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में खेला जाएगा। संक्षिप्त स्कोऱ वेस्टइंडीज़़ 18.4 ओवर में 140-10 (रोस्टन चेज़ 38, रोमारियो शेफर्ड 36, जैकब डफी 4-35) और न्यूज़ीलैंड़ 15.4 ओवर में 141-2 (डेवोन कॉनवे 47*, टिम रॉबिन्सन 45, शमर स्प्रिंगर 1-8)।




# सिंगापुर के जिया हेंग को हराकर जापान मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे लक्ष्य सेन

कुमामोतो (जापान) ।भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने गुरुवार को यहां सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके कुमामोतो मास्टर्स जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता सेन ने 39 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी तेह को 21-13, 21-11 से हराया। विश्व के 15वें नंबर के खिलाड़ी सेन का क्वार्टर फाइनल में मुकाबला सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू से होगा। लक्ष्य ने पहले गेम में 8-5 की बढ़त बना ली थी। इसके बाद तेह ने कुछ देर के लिए 10-9 की मामूली बढ़त हासिल कर ली, लेकिन ब्रेक तक भारतीय खिलाड़ी ने फिर बढ़त बना ली। दोनों खिलाड़ियों के बीच 14-13 के स्कोर तक कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन इसके बाद लक्ष्य ने लगातार सात अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया। लक्ष्य ने दूसरे गेम में शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया और जल्द ही 5-0 की बढ़त बना ली। उन्होंने इंटरवल तक 11-3 की बढ़त बनाकर अपने प्रतिद्वंदी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद भी अपनी लय बरकरार रखी और आसानी से मैच जीता। भारत के एक अन्य खिलाड़ी एचएस प्रणय का सामना डेनमार्क के रासमस गेम्के से होगा।




# भारतीय सरजमीं पर जीतना विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के बाद दूसरे नंबर पर होगा : बावुमा




कोलकाता। मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा के लिए भारत को उसकी सरजमीं पर हराने की संभावना विशेष महत्व रखती है और उनका कहना है कि दो टेस्ट मैच की श्रृंखला जीतना लगभग इस साल के शुरू में मिली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीत के बराबर ही होगा। दक्षिण अफ्रीका ने भारत के तीन दौरों में लगातार सात टेस्ट गंवाए हैं और उनकी आखिरी जीत 2010 में नागपुर में रही थी। लेकिन बावुमा का मानना है कि 2023 में कोच शुक्री कॉनराड के कार्यभार संभालने के बाद से इस टीम को टेस्ट श्रृंखला में हार का सामना नहीं करना पड़ा है और अब उनकी टीम इतनी परिपक्व और आत्मविश्वास से भरी है कि वह कड़ी चुनौती पेश करके भारत में अब तक की अपनी दूसरी श्रृंखला जीत सकती है। ईडन गार्डन्स में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले बावुमा ने कहा, 'मुझे लगता है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतना काफी महत्वपूर्ण है। लेकिन मुझे लगता है कि भारत में जीतना इसके बाद दूसरे नंबर पर होगा। यह ऐसा कुछ है जो हम लंबे समय से ऐसा नहीं कर पाए हैं। इसलिए महत्वाकांक्षा के मामले में यह निश्चित रूप से ऊपर है।' बावुमा ने कहा, 'हम चुनौती की गंभीरता को समझते हैं। इसलिए हम इसकी अहमियत जानते हैं।' दक्षिण अफ्रीका के कप्तान ने कहा, 'हम इस चुनौती के लिए तैयार हैं। दोनों टीमों को देखते हुए यह रोमांचक होना चाहिए। भारतीय टीम में शानदार खिलाड़ी हैं, लेकिन थोड़े कम अनुभवी भी हैं। इसी तरह हमारी टीम भी है, हमारे खिलाड़ी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से मुकाबला करना चाहते हैं।'

# कप्तानी के लिए अच्छी पर्सनैलिटी और अंग्रेजी बोलना जरुरी नहीं : अक्षर पटेल

**-लोगों को अपनी धारणा बदलनी होगी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के स्पिर ऑलराउंडर व दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने कहा है कप्तानी को लेकर एक ऐसी धारणा बन गयी है जो सही नहीं है पर ये कई साल से चली आ रही अक्षर के अनुसार लोग मानते है कि अच्छी पर्सनैलिटी और अंग्रेजी बोलना कप्तानी के लिए जरुरी है। वहीं केवल इस आधार पर किसी को कप्तानी के लिए अयोग्य मान लेते हैं जो अंग्रेजी नहीं बोल पाता। अक्षर कप्तानी को लेकर लोगों की इस धारणा से नाराज है। उन्होंने कहा कि कप्तानी के लिए किसी खिलाड़ी की पर्सनैलिटी और अंग्रेजी बोलने की क्षमता को लोग वरीयता देते हैं पर क्रिकेट से जुड़े कौशल को नहीं देखते हैं। अक्षर ने कहा, 'लोग कहना शुरू कर देते हैं- ओह, वह कप्तानी मटैरियल नहीं है, वह अंग्रेजी नहीं बोलता है। वह कैसे बात करेगा? ये है, वो है।' साथ ही कहा, अरे, कप्तान का काम सिर्फ बात करना थोड़े होता है। कप्तान का काम खिलाड़ी को जानना होता है और उससे उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल करना होता है। ये जानना होता है। उसकी ताकत क्या है, उसकी कमजोरी क्या है, ये समझना होता है। कप्तान को पता होता है कि हमारे पास ये खिलाड़ी है और मुझे उससे कैसे अच्छा प्रदर्शन लेना है। इसके अलावा मैच के हालात के अनुसार किये गेंदबाजी देनी है। अक्षर ने आगे कहा, 'लेकिन नहीं, हम कहते हैं कि पर्सनैलिटी चाहिए, अच्छा इंग्लिश बोलना चाहिए। धारणा लोगों की अपनी सोच के आधार पर बनी है। मैंने इस साल दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की और मुझे बहुत सारी तारीफ मिली। मुझे लगता है कि आगे भी ऐसा और भी होगा और आने वाले समय में अभी और ज्यादा बदलाव आएंगे।' उन्होंने कहा कि लोगों को अपनी व्यक्तिगत सोच और नजरिए को बदलने की जरूरत है। ये सोचना बंद कीजिए कि उसकी पर्सनैलिटी अच्छी है, वह इंग्लिश बोल सकता है तो वह कैप्टन मटैरियल है।




# आईपीएल2026 से पहले मोहम्मद शमी त्रिकोणीय रस्साकशी के केंद्र में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोहम्मद शमी, जो हाल ही में भारतीय टीम में चयन न होने के कारण चर्चा में हैं, 2026 के आईपीएल सीजन से पहले त्रिकोणीय रस्साकशी के केंद्र में हैं। इस अनुभवी तेज गेंदबाज के लिए कई फ्रेंचाइजी रुचि दिखा रही हैं, और हो सकता है कि उन्हें उनमें से किसी एक के साथ ट्रेड कर दिया जाए।

हाल ही में पता चला है कि सनराइजर्स हैदराबाद मौजूदा मांग का सर्वोत्तम उपयोग करने के विकल्पों पर विचार कर रहा है। 35 वर्षीय तेज गेंदबाज, जो अपने 12 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में लंबे समय तक भारतीय आक्रमण का अगुआ रहा है, जिसमें 64 टेस्ट, 108 वनडे और 25 टी20 अंतरराष्ट्रीय शामिल हैं, को लखनऊ सुपर जायंट्स द्वारा खरीदा जा रहा है और दिल्ली कैपिटल्स भी उतनी ही उत्सुकता दिखा रही है। अब देखना यह होगा कि एसआरएच प्रबंधन इस स्थिति से कैसे निपटता है। अगर यह सौदा होता है, तो यह एकतरफा होगा।



नीलामी पूल में शामिल होने की भी संभावना है, लेकिन पूरी तरह से नकद लेन-देन वाला विकल्प ज़्यादा संभावित लगता है। शमी को जेद्दा में हुई पिछली मेगा नीलामी में एसआरएच ने 10 करोड़ रुपए में खरीदा था, लेकिन पिछले सीजन में उनका प्रदर्शन मामूली रहा - 56.17 के निराशाजनक औसत और 11.23 के इकॉनमी रेट से सिर्फ छह विकेट, जबकि उनके करियर के आंकड़े क्रमश़ 28.19 और 8.63 रहे हैं।

उन्होंने कुल 119 आईपीएल मैचों में 133 विकेट लिए हैं, जिनमें से ज़्यादातर विकेट उन्होंने 2022 और 2023 में गुजरात टाइटन्स के लिए दो शानदार सीजन के दौरान लिए थे, जब उन्होंने कुल मिलाकर 48 विकेट (क्रमश़ 20 और 28) लिए थे। चोट के कारण वह पूरे आईपीएल 2024 से बाहर हो गए। दिल्ली कैपिटल्स की शमी में कितनी गहरी दिलचस्पी है, इसका अंदाज़ा सौरव गांगुली की इस तेज गेंदबाज पर हालिया टिप्पणियों से लगाया जा सकता है। 'मुझे यकीन है कि चयनकर्ता नजर रख रहे हैं और मोहम्मद शमी और चयनकर्ताओं के बीच बातचीत चल रही है। लेकिन अगर आप मुझसे पूछें, तो फिटनेस और कौशल के मामले में, यह वही मोहम्मद शमी है जिसे हम जानते हैं।'

दिल्ली कैपिटल्स प्रबंधन के सदस्य गांगुली ने कुछ दिन पहले मीडिया में कहा था, 'इसलिए, मुझे वास्तव में कोई कारण नहीं दिखता कि वह भारत के लिए टेस्ट मैच, वनडे क्रिकेट और टी20 क्रिकेट क्यों नहीं खेल सकते। क्योंकि यह कौशल बहुत बड़ा है।' शमी ने इस साल मार्च में दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है, और उनकी फिटनेस की स्थिति एक गर्म विषय बन गई, जिसमें मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और खुद खिलाड़ी सार्वजनिक रूप से बयानबाजी में शामिल रहे। शमी ने इस सीजन में बंगाल के लिए प्रथम श्रेणी मैचों में अपनी फिटनेस साबित की है और पिछले तीन रणजी मैचों में 15 विकेट लिए हैं।

# गुजरात छोड़ मुंबई इंडियन्स से जुड़ेंगे वेस्टइंडीज के स्टार ऑलराउंडर, मुंबई इंडियंस ने खर्च किए 2.6 करोड़



नई दिल्ली ।गुजरात टाइटन्स ने वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर शेरफेन रदरफोर्ड को आईपीएल 2026 से पहले दो करोड़ 60 लाख रुपए में मुंबई इंडियंस (MI) को 'ट्रेड' किया। आईपीएल ने एक बयान में कहा, 'गुजरात टाइटन्स द्वारा 2.6 करोड़ रुपए में खरीदे गए रदरफोर्ड अपनी मौजूदा फीस पर मुंबई इंडियन्स में शामिल होंगे।' वेस्टइंडीज के इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने 44 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में छठे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड उनके नाम है। उन्होंने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आंद्रे रसेल के साथ 139 रन की साझेदारी की थी। रदरफोर्ड ने अब तक 23 आईपीएल मैच खेले हैं। इससे पहले उन्होंने 2019 में दिल्ली कैपिटल्स और 2022 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व किया था। वह 2020 में मुंबई इंडियन्स और 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा थे लेकिन उन सत्र के दौरान एकादश का हिस्सा नहीं बन पाए।

# 2026 सत्र के लिए बोल्ट और दीपक चाहर को रिटेन नहीं करेगी मुम्बई इंडियंस : हेडन

नई दिल्ली ।ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मैथ्यू हेडन ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सत्र में मुंबई इंडियंस की टीम तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और दीपक चाहर को बाहर कर देगी। हेडन ने कहा, ऽमुंबई इंडियंस के पास एक संतुलित अंतिम ग्यारह है पर इसके बाद भी उसे जीत के लिए उसे कुछ कठिन फैसले लेने होंगे, जिसमें न्यूजीलैंड के बोल्ट को रिलीज करना भी शामिल है।ऽ बोल्ट को पिछले सत्र में मुंबई की टीम ने 12.50 करोड़ में खरीदा था और उन्होंने सीजन में कुल 22 विकेट लिए थे। बोल्ट पावर प्ले में अपनी कसी हुई गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में टीम के लिए उन्हें बाहर करना कठिन फैसला होगा। ये भी हो सकता है कि मुंबई उन्हें मिनी निलामी में कम कीमत पर खरीदे। बोल्ट के अलावा मुंबई इंडियंस से दीपक चाहर भी बाहर होंगे। हेडन का मानना है कि चाहर को रिलीज कर टीम कम पैसों में किसी अच्छे तेज गेंदबाज को नीलामी में शामिल कर सकती है। चाहर को मुंबई की टीम ने आईपीएल 2025 में 9.25 करोड़ में खरीदा था पर वह टीम के लिए फायदेमंद नहीं रहे। वह सत्र में केवल 11 विकेट ले पाए थे। इसी को देखते हुए हेडन का मानना है कि चाहर को रिलीज किया जाएगा जिससे मिनी नीलामी में किसी युवा खिलाड़ियों को बैक अप के तौर पर खरीदा जा सके। पांच बार की विजेता मुम्बई इंडियंस का पिछला सत्र अच्छा नहीं रहा था। ऐसे में वह इस बार टीम संयोजन में कमी नहीं रखना चाहेगी।



# सानिया मिर्जा का खुलासा, तलाक के बाद गहरे डिप्रेशन में चली गई थी, पैनिक अटैक भी आए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने पहली बार अपने जीवन के सबसे कठिन दौर के बारे में खुलासा किया है। शोएब मलिक से तलाक के बाद सानिया गहरे डिप्रेशन और पैनिक अटैक से जूझ रही थीं। इस मुश्किल समय में बॉलीवुड डायरेक्टर और कोरियोग्राफर फराह खान ने उनकी भावनात्मक रूप से मदद की और उन्हें फिर से खड़ा होने की ताकत दी। अपने नए यूट्यूब शो ÷सर्विंग इट अप विद सानिया÷ के पहले एपिसोड में सानिया ने बताया कि कैसे फराह ने उन्हें जीवन के सबसे नाजुक पलों से उबरने में साथ दिया।

### तलाक के बाद बिखर गई थीं सानिया मिर्जा

सानिया मिर्जा ने साल 2010 में पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक से शादी की थी। इस रिश्ते ने शुरुआत से ही दोनों देशों में खूब सुर्खियां बटोरीं। 2018 में दोनों एक बेटे के माता-पिता बने, लेकिन साल 2024 में शोएब मलिक ने पाकिस्तानी अभिनेत्री सना जावेद से शादी कर ली, जिससे यह रिश्ता हमेशा के लिए खत्म हो गया। इस टूटे रिश्ते का असर सानिया पर गहराई से पड़ा। उन्होंने बताया कि तलाक के बाद उन्हें पैनिक अटैक आने लगे और वे लंबे समय तक डिप्रेशन में रहीं। उस दौर को सानिया ने अपनी जिंदगी का 'सबसे बुरा समय' बताया।

### फराह खान बनीं मुश्किल वक्त में सहारा


अपने नए टॉक शो 'सर्विंग इट अप विद सानिया' के पहले एपिसोड में सानिया ने फराह खान के साथ बातचीत में इस घटना का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'मैं कैमरे पर यह नहीं बताना चाहती, लेकिन एक वक्त ऐसा था जब मैं बुरी तरह टूट गई थी। आप (फराह खान) मेरे सेट पर आई थीं और उसके बाद मुझे एक लाइव शो में जाना था। मैं कांप रही थी। अगर आप वहां नहीं आतीं, तो शायद मैं वह शो नहीं कर पाती। आपने मुझसे कहा था, 'चाहे कुछ भी हो, तुम यह शो करोगी।' सानिया की इन बातों से यह साफ़ झलकता है कि फराह खान ने उस कठिन समय में उनके लिए एक भावनात्मक स्तंभ का काम किया।

### फराह खान ने याद किया वो दिन

फराह खान ने भी उस घटना को याद करते हुए बताया कि सानिया को परेशान देखकर वे खुद भी घबरा गई थीं। उन्होंने कहा, 'मुझे उस दिन शूटिंग करनी थी, लेकिन जब मैंने सानिया को उस हालत में देखा तो सब कुछ छोड़कर भागी चली आई। मैं पजामा और चप्पल में वहां पहुँची, क्योंकि मुझे उनकी चिंता थी।' फराह ने बताया कि सानिया को देखकर उन्हें एहसास हुआ कि दोस्ती सिर्फ अच्छे वक्त में नहीं, बल्कि मुश्किल घड़ी में साथ खड़े होने का नाम है।

### सिंगल मदर के रूप में सानिया की ताकत की सराहना

फराह खान ने बातचीत के दौरान सानिया की सिंगल मदर के रूप में भूमिका की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, 'अकेले बच्चे की परवरिश करना आसान नहीं है। आपको काम भी करना पड़ता है और एक मां के तौर पर बेटे को समय भी देना पड़ता है। यह दोगुनी मेहनत का काम है, लेकिन सानिया इसे खूबसूरती से निभा रही है।'



सानिया आज अपने बेटे इजहान मिर्जा मलिक की परवरिश अकेले कर रही हैं और वे अपने पेशेवर जीवन में भी सक्रिय हैं।

## डीएचएल समूह भारत में करेगा 1 अरब यूरो का निवेश




**मुंबई** वैश्विक लॉजिस्टिक्स कंपनी डीएचएल समूह ने 2030 तक भारत में करीब 1 अरब यूरो निवेश करने की घोषणा की है। यह कदम कंपनी की रणनीति 2030- त्वरित सतत विकास योजना का हिस्सा है और भारत को एक प्रमुख विकास बाजार के रूप में दर्शाता है। डीएचएल का लक्ष्य भारत में अपने ग्राहकों के लिए विश्वसनीय और टिकाऊ लॉजिस्टिक्स सेवाओं का विस्तार करना है। कंपनी का यह बहु-स्तरीय निवेश कार्यक्रम जीव विज्ञान और स्वास्थ्य सेवा, नई ऊर्जा, ई-कॉमर्स और डिजिटलीकरण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में केंद्रित होगा।

## महिंद्रा और मनुलाइफ ने भारत में जीवन बीमा संयुक्त उद्यम की घोषणा की




### शुरुआती पांच वर्षों में प्रत्येक शेयरधारक 1,250 करोड़ का निवेश करेगा

**नई दिल्ली** महिंद्रा एंड महिंद्रा ने गुरुवार को कनाडा की जीवन बीमा कंपनी मनुलाइफ के साथ 50:50 अनुपात में जीवन बीमा संयुक्त उद्यम स्थापित करने की घोषणा की। दोनों साझेदारों की ओर से इस नए उद्यम में 3,600-3,600 करोड़ रुपये का निवेश होगा। शुरुआती पांच वर्षों में प्रत्येक शेयरधारक 1,250 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। कुल पूंजी प्रतिबद्धता दोनों कंपनियों के लिए 7,200 करोड़ रुपये तक है। यह संयुक्त उद्यम महिंद्रा और मनुलाइफ की भारत में मौजूदा उपस्थिति को मजबूत करेगा और देश के तेजी से बढ़ते जीवन बीमा बाजार में ग्राहकों की वित्तीय भलाई बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। महिंद्रा समूह की ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में गहरी वितरण क्षमताएं और निष्पादन उत्कृष्टता इस विस्तार को सफल बनाने में मदद करेंगी। महिंद्रा समूह के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि जीवन बीमा व्यवसाय में यह कदम वित्तीय सेवा क्षेत्र के व्यापक विस्तार की दिशा में तार्किक है। यह संयुक्त उद्यम दोनों कंपनियों के लिए भारत में जीवन बीमा क्षेत्र में मजबूत पकड़ बनाने और ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी बाजारों में वित्तीय समावेशन बढ़ाने का महत्वपूर्ण कदम है।

## प्रेस्टीज एस्टेट्स का मुनाफा 95 फीसदी बढ़कर 457.4 करोड़ हुआ

### कंपनी की कुल आय में 11 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली** प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने जुलाई-सितंबर तिमाही में शानदार वित्तीय परिणाम दर्ज किए। कंपनी का मुनाफा 457.4 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की इसी तिमाही में 234.6 करोड़ रुपये था। यह करीब 95 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इस दौरान कंपनी की कुल आय भी बढ़कर 2,697.8 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले साल यह 2,423.8 करोड़ रुपये थी, यानी लगभग 11 प्रतिशत की वृद्धि। प्रेस्टीज ग्रुप के चेयरमैन ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही विशेष रूप से उत्साहजनक रही। मजबूत बिक्री गति और बढ़िया नकदी प्रवाह ने ग्राहकों और निवेशकों के बीच कंपनी के ब्रांड में विश्वास बनाए रखा। चेयरमैन ने कहा कि कंपनी का फोकस समय पर प्रोजेक्ट्स पूरा करने, पूंजी का विवेकपूर्ण आवंटन करने और प्रमुख विकासशील बाजारों में अपनी उपस्थिति बढ़ाने पर रहेगा। देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में से एक प्रेस्टीज ग्रुप लगातार स्थिर और मजबूत प्रदर्शन के साथ रियल एस्टेट क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है।

## केंद्रीय कैबिनेट ने महत्वपूर्ण खनिजों की रॉयल्टी दरों में संशोधन किया

### सरकार ने ग्रेफाइट, सीजियम, रुबिडियम जैसे महत्वपूर्ण खनिजों पर रॉयल्टी दरें तय की

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में दिल्ली धमाके की निंदा के साथ ही कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मुख्य निर्णय के तहत कैबिनेट ने ग्रेफाइट, सीजियम, रुबिडियम और जिरकोनियम जैसे महत्वपूर्ण खनिजों की रॉयल्टी दरें तर्कसंगत बनाने को मंजूरी दी। यह कदम क्रिटिकल मिनरल्स मिशन के अंतर्गत लिया गया। केंद्रीय कैबिनेट ने ग्रेफाइट, सीजियम, रुबिडियम और जिरकोनियम जैसे महत्वपूर्ण खनिजों पर रॉयल्टी दरें तय कर दी हैं। कैबिनेट ने यह फैसला क्रिटिकल मिनरल्स मिशन के तहत लिया है। इस फैसले से इन खनिजों के ब्लॉक की नीलामी तेज होने की संभावना है। इससे लिथियम, टंगस्टन, दुर्लभ पृथ्वी तत्व और नाइओबियम जैसे दूसरे महत्वपूर्ण खनिजों का भी फायदा होगा। संशोधित रॉयल्टी दरों के अनुसार, सीजियम और रुबिडियम, प्रत्येक पर उत्पादित अयस्क में निहित संबंधित धातु के औसत विक्रय मूल्य (एएसपी) के आधार पर 2 प्रतिशत रॉयल्टी लगेगी।

कैबिनेट के अनुसार जिरकोनियम पर एएसपी की 1 प्रतिशत रॉयल्टी दर होगी, जबकि ग्रेफाइट पर 80 प्रतिशत या उससे अधिक स्थिर कार्बन वाले अयस्क के लिए एएसपी का 2 प्रतिशत और 80 प्रतिशत से कम स्थिर कार्बन वाले अयस्क के लिए 4 प्रतिशत रॉयल्टी दर लागू होगी। दरअसल, सरकार का मानना है कि ग्रेफाइट पर एड वेरोरम (बाजार मूल्य के अनुसार) रॉयल्टी तय करने से अलग-अलग



ग्रेड के ग्रेफाइट के मार्केट रेट के हिसाब से रॉयल्टी कनेक्शन होगा। इससे घरेलू उत्पादन तो बढ़ेगा ही, साथ ही आयात पर निर्भरता भी कम होगी। सप्लाई चेन की परेशानियां भी घटेंगी और नौकरियों के अवसर पैदा होंगे।

## रिन्यू करेगी आंध्र प्रदेश में 82,000 करोड़ का नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश



**अमरावती** आंध्र प्रदेश के आईटी मंत्री नारा लोकेश ने गुरुवार को कहा कि कार्बन मुक्त समाधान पेश करने वाली कंपनी रिन्यू राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में 82,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। आईटी मंत्री ने बताया कि यह निवेश सोलर इंजन और वेफर निर्माण, परियोजना विकास, हरित हाइड्रोजन और अणु प्रौद्योगिकी जैसे उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में होगा। 16 मई को अनंतपुर जिले में रिन्यू ने 22,000 करोड़ रुपये की परियोजना की आधारशिला रखी थी। इसमें 4.8 गीगावाट क्षमता का हाइब्रिड फार्म और बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली शामिल है। मंत्री ने कहा कि पांच साल बाद राज्य लौटकर यह घोषणा करना गर्व की बात है कि रिन्यू पूरी नवीकरणीय ऊर्जा श्रृंखला में निवेश कर रही है।

## सेबी में हितों के टकराव और खुलासे के नियमों में बड़ा बदलाव प्रस्तावित

### नई घोषणा: सभी वरिष्ठ अधिकारियों को करना होगा पूर्ण खुलासा

**नई दिल्ली** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) में हितों के टकराव और खुलासे (के नियमों में बड़े बदलाव प्रस्तावित हैं। उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों के अनुसार सेबी के निदेशक मंडल और वरिष्ठ अधिकारियों को अपनी सभी संपत्तियों, देनदारियों, ट्रेडिंग गतिविधियों और संबंधित पक्षों के साथ संबंधों की घोषणा कई चरणों में करनी होगी- नियुक्ति, सालाना, प्रमुख घटनाओं और पद छोड़ने के समय। समिति ने सुझाव दिया कि बोर्ड या वरिष्ठ पदों के आवेदकों को किसी भी वास्तविक, संभावित या अनुमानित हितों के टकराव का खुलासा करना अनिवार्य होगा, जिसमें वित्तीय और गैर-वित्तीय मामलों दोनों शामिल हैं। इसके अलावा 'परिवार' की परिभाषा को व्यापक बनाया जाएगा। इसमें पति/पत्नी, आश्रित बच्चे, कानूनी अभिभाव्य के तहत आने वाले व्यक्ति और अन्य आर्थिक रूप से आश्रित रिश्तेदार शामिल होंगे। समिति ने वरिष्ठ अधिकारियों के नए निवेशों को पेशेवर रूप से प्रबंधित पूल्ड योजनाओं तक सीमित करने और व्यक्तिगत पोर्टफोलियो का 25 फीसदी तक ही निवेश की अनुमति देने का सुझाव दिया। यह प्रतिबंध उनके जीवनसाथी और आर्थिक रूप से आश्रित परिवार पर भी लागू होगा। अंशकालिक सदस्यों को इस निवेश सीमा से छूट दी जा सकती है, लेकिन वे अप्रकाशित संवेदनशील जानकारी पर ट्रेडिंग नहीं कर सकेंगे। समिति की अध्यक्षता पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त प्रत्यूष सिन्हा ने की, जबकि उपाध्यक्ष थे इंजेती श्रीनिवास। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने मार्च 2025 में समिति का गठन किया। इसका उद्देश्य सेबी में पारदर्शिता बढ़ाना, हितों के टकराव के प्रबंधन को मजबूत करना और लोगों का भरोसा कायम करना है।

# शेयर बाजार हल्की बढ़त पर बंद

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को मुनाफावसूली हावी होने से हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ। आज दुनिया भर के बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बीच ही बाजार पर दबाव पड़ा जिससे बाजार ऊपर नहीं आ पाया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरो वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 12.16 अंकों की हल्की बढ़त के साथ ही 84,478.67 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 3.35 अंक की हल्की तेजी के साथ 25,879.15 पर बंद हुआ। दिन के दौरान बैंकिंग शेयरों में तेजी रही को और निफ्टी बैंक ने नया ऑल-टाइम हाई 58,615.95 बनाया। हालांकि, बाद में इसमें गिरावट आई और यह 107.30 अंक करीब 0.18 फीसदी की मजबूती के साथ 58,381.95 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, सन फार्मा, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचसीएल टेक के शेयरों को लाभ हुआ जबकि जोमैटो, एमएंडएम, टाटा स्टील, बीईएल, टीसीएस, एचयूएल, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा और एसबीआई के शेयर गिरे। आज लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में कमजोरी




रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 210.25 अंक या 0.35 फीसदी की गिरावट के साथ 60,692.05 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 66.80 अंक या 0.37 फीसदी की कमजोरी के साथ 18,183.65 पर था।

इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बीच ही को बाजार हल्की बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स शुरुआती सत्र में 84,525.89 अंक पर खुला, लेकिन जल्दी ही लाल निशान में चला गया। सुबह शुरुआत के बाद यह 98.19 अंक की गिरावट के साथ 84,368.32 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी भी मजबूत शुरुआत के बाद गिरावट में आ गया और 13.45 अंक फिसलकर 25,862.35 पर कारोबार करता दिखा। वहीं वैश्विक बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में गुरुवार को मिश्रित रुख देखने को मिला।

जापान का निक्केई 225 0.4 फीसदी बढ़ा और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.3 फीसदी ऊपर रहा, जबकि हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स 0.2 फीसदी गिरा। वहीं अमेरिकी शेयर बाजार बुधवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए। डाउ जोन्स 0.68 फीसदी चढ़ा, जबकि नैस्डैक कंपोजिट 0.26 फीसदी गिरा और एसएंडपी 500 लगभग सपाट बंद हुआ।

# एनटीपीसी कोयला गैसीकरण और परमाणु ऊर्जा में करेगी प्रवेश

### अगले 3-4 साल में हर साल 50-100 लाख टन सिंथेटिक गैस का उत्पादन करने की योजना

**नई दिल्ली**

सरकारी बिजली उत्पादन कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड अगले 3-4 साल में हर साल 50-100 लाख टन सिंथेटिक गैस का उत्पादन करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि गैस उत्पादन की लागत लगभग 10-12 डॉलर प्रति मिलियन मीट्रिक ब्रिटिश थर्मल यूनिट होगी। अधिकारी ने कहा कि गैस की कीमत वर्तमान में मिलने वाली तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आसपास रखी जाएगी और खरीदार तलाशने में कोई समस्या नहीं होगी। एनटीपीसी उत्पादन के लिए अपने कोयले का उपयोग करेगी और उत्पादित गैस या तो घरेलू बाजार में बेची जाएगी या कंपनी के अपने संयंत्रों में उपयोग होगी। कोयला गैसीकरण परियोजना के लिए कंपनी प्रौद्योगिकी सलाहकार लाने पर भी विचार कर रही है, और इस वित्त वर्ष 2025-26 में इसके लिए निविदाएं जारी करने की योजना है। सरकार ने कोयला गैसीकरण को बढ़ावा देने के लिए 2030 तक 10 करोड़ टन गैसीकरण का लक्ष्य तय किया है और 8,500 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रोत्साहन दिया है।



इस पहल से प्राकृतिक गैस का देश के ऊर्जा मिश्रण में हिस्सा वर्तमान 6त्न से बढ़ाकर 2030 तक 15 फीसदी करने का लक्ष्य पूरा होगा। एनटीपीसी ने हाल ही में परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भी कदम रखा है।

## देश के प्रमुख शहरों में पेट्रोल-डीजल की नई कीमतें घोषित

### चंडीगढ़ सबसे सस्ता शहर, पेट्रोल 94.30 और डीजल 82.45 रुपए प्रति लीटर



**नई दिल्ली** राष्ट्रीय तेल कंपनियों (ओएमसी) ने गुरुवार को सुबह 6 बजे पेट्रोल और डीजल के ताजा रेट जारी किए। इन कीमतों का निर्धारण अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमत, रुपये-डॉलर का विनिमय दर, एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमीशन और राज्यों के वैट के आधार पर किया जाता है। चूंकि हर राज्य का वैट अलग होता है, इसलिए पेट्रोल और डीजल के दाम भी राज्यों में भिन्न होते हैं। नई दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए और डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर जबकि हैदराबाद में पेट्रोल 107.46 रुपए और डीजल 95.70 रुपए प्रति लीटर है। चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपए और डीजल 92.34 रुपए, बेंगलुरु में पेट्रोल 02.92 और डीजल 89.02, और कोलकाता में पेट्रोल 103.94 और डीजल 90.76 प्रति लीटर दर्ज किया गया। चंडीगढ़ सबसे सस्ता शहर रहा, जहां पेट्रोल 94.30 और डीजल 82.45 रुपए प्रति लीटर है।

## भारत की अर्थव्यवस्था 2025 में 7 फीसदी बढ़ेगी: रेटिंग एजेंसी

### 2026 और 2027 में भारत की वृद्धि लगभग 6.5 फीसदी रहने का अनुमान


**नई दिल्ली**

रेटिंग एजेंसी मूडीज ने गुरुवार को अपने ग्लोबल मैक्रो आउटलुक में 2025 में भारत की अर्थव्यवस्था 7 फीसदी बढ़ने का अनुमान लगाया है। 2024 में यह दर 6.7 फीसदी थी। एजेंसी का कहना है कि भारत की आर्थिक वृद्धि को मजबूत बुनियादी ढांचे पर खर्च और ठोस घरेलू उपभोग से समर्थन मिल रहा है। हालांकि निजी क्षेत्र अभी पूंजीगत व्यय को लेकर सतर्क है। 2026 और 2027 में भारत की वृद्धि लगभग 6.5 फीसदी रहने का अनुमान है। अमेरिका में कुछ भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी शुल्क के बावजूद निर्यातकों ने अन्य बाजारों में निर्यात बढ़ाने में सफलता हासिल की है। सितंबर में कुल निर्यात 6.75 फीसदी बढ़ा, जबकि अमेरिका को निर्यात में 11.9 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई। मूडीज ने कहा कि निर्यात और घरेलू बाजार का विविधीकरण भारत की स्थिर आर्थिक वृद्धि में मदद करेगा। एजेंसी ने यह भी कहा कि कम मुद्रास्फीति के बीच मौद्रिक नीति तटस्थ से उदार बने रहने की संभावना है। इससे आर्थिक वृद्धि को अतिरिक्त समर्थन मिलेगा। मूडीज के अनुसार चीन की अर्थव्यवस्था



2025 में 5 फीसदी बढ़ेगी, लेकिन 2027 तक यह वृद्धि धीरे-धीरे 4.2 फीसदी तक घट सकती है। वैश्विक जीडीपी की वृद्धि दर 2025 में 2.6 फीसदी रहने का अनुमान है, जो 2024 की 2.9 फीसदी दर से कम है। 2026 और 2027 में यह क्रमशः 2.5 फीसदी और 2.6: फीसदी रहने की संभावना है।

## निर्यातकों को राहत, कैबिनेट से 45,060 करोड़ की दो योजनाएं मंजूर



### निर्यात संवर्धन मिशन और ऋण गारंटी योजना से एमएसएमई को मिली मजबूती

**नई दिल्ली**

अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी शुल्क लगाए जाने से उत्पन्न चुनौतियों का सामना कर रहे निर्यातकों को राहत देने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को कुल 45,060 करोड़ रुपये की दो प्रमुख योजनाओं को मंजूरी दी, जिनका उद्देश्य भारतीय निर्यात क्षेत्र को सहायता, सुरक्षा और नई प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्रदान करना है।

इन योजनाओं में 25,060 करोड़ रुपये का निर्यात संवर्धन मिशन (ईपीएम) और 20,000 करोड़ रुपये की निर्यातकों के लिए ऋण गारंटी योजना (सीजीएसई) का विस्तार शामिल है।

यह घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विभिन्न निर्यात संवर्धन परिषदों के प्रतिनिधियों की हालिया बैठक के एक सप्ताह बाद की गई, जिनमें अमेरिकी शुल्क से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र शामिल थे। निर्यात संवर्धन मिशन वित्त वर्ष 2031 तक लागू रहेगा और इसका मकसद भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करना है।

यह दो उप-योजनाओं निर्यात प्रोत्साहन और निर्यात दिशा के माध्यम से लागू किया जाएगा। इनके तहत ब्याज सहायता, निर्यात फैक्टरिंग, ई-कॉमर्स निर्यातकों के लिए क्रेडिट कार्ड, नए बाजारों में विस्तार हेतु ऋण सहायता और प्रशिक्षण जैसी सुविधाएँ दी जाएंगी।वहीं ऋण गारंटी योजना (सीजीएसई) के विस्तार से एमएसएमई निर्यातकों को वित्तीय जोखिम से सुरक्षा मिलेगी और उन्हें सस्ते ऋण तक आसान पहुंच प्राप्त होगी।

## फिर तेजी से भाग सकता हैं सोना, संस्थागत और केंद्रीय बैंकों की खरीदारी जारी



**मुंबई**

सोना फिर दुनिया भर के निवेशकों का पसंदीदा सुरक्षित निवेश बना हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, सोना अभी भी मजबूत स्थिति में है और इसकी कीमत 4,368 से लेकर 4,600 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस तक जाने की उम्मीद है, जबकि नीचे 3,890 और 3,510 डॉलर पर सपोर्ट रहेगा। अक्टूबर में सोने की कीमत 4,368 डॉलर तक पहुंची थी, इसके बाद यह महीने के अंत तक थोड़ा गिरकर 4,000 डॉलर के नीचे आ गई। यह गिरावट पिछले एक महीने में अमेरिकी डॉलर के 1.4 प्रतिशत मज़बूत होने की वजह से हुई। लेकिन जानकारों का मानना है कि लंबे समय में सोने का रुझान अब भी ऊपर की ओर है, क्योंकि संस्थागत और केंद्रीय बैंकों की खरीदारी लगातार बनी हुई है, और डॉलर पिछले एक साल में कमजोर हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्वी यूरोप और पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध और तनाव की वजह से लोग अपना पैसा सुरक्षित जगह, यानी सोने में लगा रहे हैं। इसके अलावा, पिछले एक साल में अमेरिकी डॉलर की कीमत करीब 8 प्रतिशत तक गिर गई है, जिससे सोना और दूसरी चीजें (कमोडिटीज) महंगी हो गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस साल अब तक सोने से जुड़े फंड्स में लगभग 65 अरब डॉलर का निवेश हुआ है। इनमें से 20 अरब डॉलर सिर्फ पिछले तीन महीनों में लगाए गए हैं। दुनिया के कई केंद्रीय बैंक अब अपने विदेशी भंडार में डॉलर की हिस्सेदारी कम करके सोना खरीद रहे हैं, ताकि आर्थिक अनिश्चितता से बच सके। रिपोर्ट कहती है कि यह एक नया निवेश रुझान है, जहां देश और बड़े संस्थान अब अमेरिकी बॉन्ड और डॉलर के बजाय दूसरे विकल्प ढूंढ रहे हैं, क्योंकि उन्हें सरकारी कर्ज, बढ़ती महंगाई और वैश्विक तनाव की चिंता है।

# एनएफआरए में कार्य विभाजन को लेकर सरकार तैयार कर रही नई रूपरेखा

**नई दिल्ली**

सरकार नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी (एनएफआरए) में कार्यों के विभाजन पर विचार कर रही है। वर्तमान में एनएफआरए का कार्यकारी निकाय (अध्यक्ष और दो अन्य सदस्य) सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन करता है, जिसमें ऑडिट की समीक्षा और अनुशासनात्मक कार्रवाई शामिल है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस साल की शुरुआत में कहा था कि कार्यों का विभाजन न होने से पूर्वाग्रह और निष्पक्षता पर सवाल उठ सकते हैं। अदालत ने इसे " सीज़र से सीज़र की पत्नी को अपील" की स्थिति के समान बताया। रेगस्ट्रीट लॉ एडवाइजर्स के वरिष्ठ पार्टनर व सेबी के एक पूर्व अधिकारी ने कहा कि भारत का नियामक ढांचा नियंत्रण और संतुलन के सिद्धांत से भटक गया है। जब एक संस्था नियम बनाती और निर्णय भी लेती है, तो जवाबदेही और न्याय प्रभावित होता है। उन्होंने जोर दिया कि अन्य नियामक, जैसे भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग और सेबी, जांच और अनुशासनात्मक कार्रवाई करने वाले कार्यों को अलग रखते हैं। एनएफआरए ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की।



अदालत ने अंतरिम आदेश में एनएफआरए को कार्रवाई जारी रखने की अनुमति दी, लेकिन अंतिम आदेशों पर रोक लगा दी जब तक अपील का निर्णय नहीं हो जाता।



# 120 बहादुर में अपने किरदार को लेकर काफी एक्साइटेड हैं राशि खन्ना

**रजनीश घई निर्देशित फिल्म '120 बहादुर' में फरहान अख्तर एक फौजी के किरदार में नजर आएंगे। यह कहानी सच्ची घटना पर आधारित है। इसमें फरहान के अलावा राशि खन्ना भी हैं। फिल्म में अपने किरदार को लेकर वह काफी एक्साइटेड हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने किरदार को लेकर डिटेल्स शेयर किए।**

राशि खन्ना ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'वो युद्ध के मैदान में नहीं गई, लेकिन उसने हर दिन युद्ध को जिया। मैंने इस किरदार को अपने मन में बसाया है। यह उन महिलाओं के लिए है, जो खामोशी से प्यार करती हैं। जो देश के सैनिकों का घर संभालती हैं। यह महिलाएं गर्व और दर्द को एक साथ समेटे हुए हैं।' बताते चलें कि फिल्म के मुख्य किरदार शैतान सिंह भाटी की पत्नी का रोल राशि खन्ना कर रही हैं।




### भारत-चीन युद्ध पर आधारित कहानी

फिल्म '120 बहादुर' की कहानी 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान रेजांग ला की लड़ाई पर आधारित है। इस लड़ाई में 13 कुमाऊं रेजिमेंट के लगभग 120 भारतीय सैनिकों ने मेजर शैतान सिंह भाटी के नेतृत्व में, 3,000 से अधिक चीनी सैनिकों का बहादुरी से सामना किया और अपनी अंतिम सांस तक अपनी चौकी की रक्षा की। फिल्म में फरहान मेजर शैतान सिंह भाटी के किरदार में ही नजर आएंगे। यह फिल्म 21 नवंबर को रिलीज होने वाली है।



# सात साल बाद फिल्मों में कर कमबैक सकती हैं अनुष्का

## चकदा एक्सप्रेस की रिलीज पर जल्द हो सकता है फैसला

एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा को लीड एक्ट्रेस के तौर पर आखिरी बार साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म जीरो में देखा गया था। इसके बाद उन्होंने फिल्म चकदा एक्सप्रेस की शूटिंग पूरी की थी, लेकिन यह फिल्म अब तक रिलीज नहीं हुई। हालांकि, अनुष्का जल्द ही लीड एक्ट्रेस के तौर पर सात साल बाद कमबैक कर सकती हैं। दरअसल, चकदा एक्सप्रेस क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोपिक है, जिसमें अनुष्का शर्मा लीड रोल में हैं। हालांकि यह बायोपिक करीब तीन साल से नेटफ्लिक्स के पास पड़ी है। फिल्म को प्लेटफॉर्म और प्रोडक्शन हाउस क्लीन स्लेट फिल्म्स के बीच अनबन के चलते रिलीज नहीं किया जा रहा है। रिपोर्ट में सामने आया है कि हाल ही में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के वनडे वर्ल्ड कप जीतने के बाद फिल्म चकदा एक्सप्रेस के प्रोड्यूसर्स अब इसकी रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। प्रोड्यूसर्स ने नेटफ्लिक्स इंडिया के शीर्ष अधिकारियों को पत्र लिखकर फिल्म रिलीज करने की अपील की है। अनुष्का ने फिल्म में झूलन गोस्वामी का किरदार निभाया है, जो पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर और टीम की कप्तान रह चुकी हैं। एक सूत्र ने बताया, हमने नेटफ्लिक्स इंडिया के टॉप अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से लिखा है कि वे इस विवाद से ऊपर उठकर फिल्म रिलीज करें। झूलन दी जैसी दिग्गज पर बनी बायोपिक दर्शकों तक जरूर पहुंचनी चाहिए।

सूत्र ने यह भी बताया कि फिल्म कई सालों से अटकी हुई है क्योंकि नेटफ्लिक्स के अधिकारियों को इसका रिजल्ट पसंद नहीं आया। प्रोडक्शन हाउस का बजट खत्म हो गया था और प्लेटफॉर्म हैड्स को प्रोजेक्ट का साइज ठीक नहीं लगा। फिर भी फिल्म मजबूत है। एक अन्य सूत्र ने बताया कि टीम ने फिल्म पर फिर से चर्चा शुरू की है और इस महीने के भीतर रिलीज को लेकर फैसला लिया जा सकता है।

### आखिरी बार फिल्म जीरो में दिखी थीं अनुष्का

बता दें कि अनुष्का शर्मा ने आखिरी बार साल 2018 में फिल्म जीरो में लीड एक्ट्रेस के तौर पर काम किया था, जिसमें उन्होंने आफिया यूसुफजई भिंदर का किरदार निभाया था। इस फिल्म में उनके साथ शाहरुख खान और कैटरीना कैफ नजर आए थे। साल 2020 में उन्होंने फिल्म बुलबुल को प्रोड्यूस किया। इसके बाद 2022 में उन्होंने फिल्म कला में कैमियो रोल किया था।

# प्रतिभा रांटा ने सान्या मल्होत्रा को किया रिप्लेस

कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म नागजिला को लेकर इन दिनों काफी बज बना हुआ है। हाल ही में फिल्म की शूटिंग शुरू हुई है। सेट से पूजा करने का वीडियो भी हाल ही में वायरल हुआ था। अब इस फिल्म की लीड एक्ट्रेस से जुड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के मेकर्स ने इस बार नई चेहरों की तलाश शुरू की है और उनकी नज़र पड़ी है उभरती हुई स्टार प्रतिभा रांटा पर। बताया जा रहा है कि पहले इस फिल्म के लिए सान्या मल्होत्रा को फाइनल माना जा रहा था, लेकिन अब उनकी जगह पर प्रतिभा रांटा को चुना गया है। टीम ने इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के रूप में लेने की तैयारी लगभग तय कर ली है। हालांकि फिलहाल इन खबरों की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो सकी है। प्रतिभा के चयन की चर्चा इसलिए भी दिलचस्प है क्योंकि उन्हें एक फ्रेश चेहरा और अंडररेटेड टैलेंट माना जाता है। निर्देशक मृगदीप सिंह लांबा और प्रोड्यूसर करण जौहर दोनों ही चाहते हैं कि फिल्म की जोड़ी एकदम फ्रेश दिखे। यही वजह है कि कार्तिक आर्यन के साथ उनकी पेयरिंग को लेकर काफी बज बन रहा है।




# 10 साल बाद परदे पर लौटने जा रहे हैं इमरान, भूमि पेडनेकर के साथ नजर आएंगे



आमिर खान के भांजे इमरान खान करीब 10 साल के लंबे गैप के बाद परदे पर लौटने जा रहे हैं। इमरान को आखिरी बार 2015 में रिलीज हुई फिल्म कट्टी बट्टी में देखा गया था। जिसमें उनके साथ कंगना रनौत मुय किरदार में थीं। अब उनकी अगली फिल्म के जरिए वे दर्शकों के सामने नए अंदाज में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की रिलीज और कास्ट से जुड़ा ताजा अपडेट सामने आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इमरान की इस आगामी फिल्म में भूमि पेडनेकर भी उनके साथ नजर आएंगी। फिल्म का पहला एडिट इसी साल दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। फिल्म की शूटिंग अगस्त में पूरी हो चुकी है और अब यह पोस्ट-प्रोडक्शन फेज में है। निर्माता दिसंबर तक एडिट पूरा कर अगले साल की शुरुआत में फिल्म रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म की रिलीज डेट फाइनल नहीं हुई है। रिलीज डेट का निर्धारण पूरी तरह नेटफ्लिक्स पर निर्भर है। जब तक कॉर्पोरेट अधिकारियों की टीम इस पर साइन नहीं कर देती, रिलीज का कोई आधिकारिक ऐलान नहीं होगा। इसका निर्देशन दानिश असलम कर रहे हैं।






# अल्फा का क्लाइमेक्स एक्शन सीन 8 से 10 मिनट लंबा

## VFX पर 15-20 दिन लगे

**यशराज फिल्म्स की अगली स्पाई थ्रिलर अल्फा को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है। इसका क्लाइमेक्स सीक्वेंस हाल ही में मुंबई के यशराज स्टूडियो में अत्याधुनिक तकनीक के साथ सफलतापूर्वक शूट कर लिया गया है। यह फिल्म यशराज स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल सेंट्रिक एक्शन फिल्म है, जो अब अपने फाइनल शेड्यूल में पहुंच चुकी है। इसके निर्देशन की जिम्मेदारी द रेलवे मैन फेम शिव रवैल ने निभाई है। डेढ़ साल से जारी शूटिंग में लंदन समेत कई विदेशी लोकेशन शामिल रही हैं।**

### बोल्ट कैमरा और फेस रिप्लेसमेंट तकनीक का भी हुआ इस्तेमाल

अल्फा के क्लाइमेक्स फाइट सीक्वेंस को लेकर यशराज फिल्म्स ने कोई कसर नहीं छोड़ी। यह हाई-ऑक्टेन, वीएफएक्स-हेवी एक्शन फिल्म है, जिसमें आलिया का सामना विलन बॉबी देओल के किरदार से होता है। इस सीन को अविश्वसनीय सटीकता के साथ फिल्माने के लिए सेट पर बोल्ट कैमरा मशीन लगाई गई, जो बेहद तेज और सटीक मूवमेंट कैप्चर करने में सक्षम है। शूट की निगरानी एक विदेशी स्टंट डायरेक्टर ने की, जिन्होंने सीन के हर मूवमेंट को परफेक्ट बनाने के लिए कई लेयर्स में रिहर्सल करवाई। इस सीन में फेस रिप्लेसमेंट और वीएफएक्स के बड़े हिस्से शामिल हैं, जिसके लिए खास लाइटिंग सेटअप और टेक्निकल ग्रिड बनाया गया था। पिता की खराब तबीयत के बीच बॉबी ने बिना रुके की शूटिंग सेट पर सबसे अधिक चर्चा बॉबी के प्रोफेशनलिज्म की रही। वह हर दिन सुबह 11.30 बजे से रात 7-8 बजे तक बिना ब्रेक शूटिंग करते रहे। तीन दिन तक चले इस एक्शन सीन में उन्होंने 8 घंटे की नॉन-स्टॉप शिफ्ट दी। इसी दौरान उनके पिता धर्मेंद्र अस्पताल में भर्ती भी थे। इसके बावजूद बॉबी ने शूट और पिता की सेहत दोनों के बीच तालमेल बनाए रखा। वीएफएक्स तकनीक के चलते बॉबी के लिए यह अनुभव बिल्कुल नया था पर उन्होंने इसे आसानी से एडॉप्ट कर लिया।

### कड़ी सुरक्षा में पूरा हुआ शूट, मोबाइल फोन भी रहा बैन

क्लाइमेक्स शूट के दौरान सुरक्षा को लेकर कड़े कदम उठाए। पहले दिन किसी भी क्रू मेंबर को मोबाइल फोन अंदर ले जाने की अनुमति नहीं थी। बाद में केवल असिस्टेंट डायरेक्टर की मंजूरी से कुछ फोन की अनुमति दी गई। वीएफएक्स बेस्ड इस शूट में आलिया और बॉबी ने अपने सीन अलग-अलग शूट किए। पहले बॉडी डबल्स पर फाइट सीक्वेंस फिल्माया गया है, फिर फेस रिप्लेसमेंट के जरिए असली कलाकारों के चेहरे लगाए जाएंगे। इसके लिए बॉडी डबल्स की अलग से वर्कशॉप और रिहर्सल भी हुई। बताया जा रहा है कि यह पूरा क्लाइमेक्स एक्शन ब्लॉक 8 से 10 मिनट लंबा है और इसके वीएफएक्स हिस्से में 15 से 20 दिन का समय लगा।

### दो बहनों के रोल में दिखेंगी आलिया-शरवरी

अल्फा की कहानी जासूसी मिशन पर आधारित है। इसमें आलिया और शरवरी दो बहनों बनी हैं, जो सीक्रेट एजेंट भी हैं। इनके पिता के रोल में अनिल कपूर हैं, जो खुद भी एक स्पाई एजेंट हैं। वहीं बॉबी का किरदार टेररिज्म और ग्लोबल क्राइम नेटवर्क से जुड़ा है। उनका लुक इस बार एनिमल से बिल्कुल अलग है।

# इंडस्ट्री का हिस्सा बनना कभी मेरे प्लान का हिस्सा नहीं था



**कर्नाटक के छोटे-से कस्बे कोडागु से ताल्लुक रखने वाली रश्मिका मंदाना ने कभी सोचा भी नहीं था कि एक दिन वह ग्लैमर की दुनिया पर राज करेंगी। एक समय था, जब वह लिटरेचर, साइंस और जर्नलिज्म की पढ़ाई में व्यस्त थीं और अपनी ही दुनिया में मस्त। लेकिन किस्मत ने उनका रुख फिल्मों की ओर मोड़ दिया। कन्नड़ और तमिल फिल्मों से अपने करियर की शुरुआत करने वाली रश्मिका जब पुष्पा- द राइज में नजर आईं, तो रातों-रात नेशनल क्रश बन गईं। जल्दी ही पैन इंडिया स्टार के तौर पर पहचानी जाने वाली रश्मिका की थामा ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा-खासा बिजनेस किया।**

**आज आप देश की टॉप एक्ट्रेसेस में गिनी जाती हैं। इसका श्रेय आप किसे देती हैं?**

सच कहूं तो इंडस्ट्री का हिस्सा बनना कभी मेरे प्लान का हिस्सा नहीं था। लेकिन पीछे मुड़कर देखती हूं तो लगता है ये सफर कितना खूबसूरत रहा है। मैं उन सभी की आभारी हूं, जिन्होंने इस सफर में मेरा साथ दिया। सबसे पहले मेरा परिवार, जिन्होंने हमेशा मुझे दिल की सुनने, आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित किया और हर मोड़ पर मेरा साथ दिया। हर निर्देशक, को-स्टार और टीम से मैंने कुछ न कुछ सीखा है, जिसने मुझे लगातार आगे बढ़ाया। और सबसे ऊपर, मेरे चाहने वाले फैन, उनका प्यार और समर्थन मुझे हर दिन नई चुनौतियां

**पुष्पा के बाद आपने सचमुच पैन इंडिया स्टार शब्द को लोकप्रिय बना दिया। पैन-इंडिया सुपरस्टार कहलाना कैसा लगता है?**

बहुत प्यारा लगता है। सच कहूं तो अभी भी उस अहसास को पूरी तरह महसूस कर रही हूं। ये सब दर्शकों के अपार प्यार का नतीजा है और इसके लिए मैं दिल से आभारी हूं। मैं बस इतना कहना चाहती हूं कि आप सबका प्यार ही मेरी ताकत है। मैं हर दिन अपना बेस्ट देने की कोशिश करती हूं और आगे जो प्रोजेक्ट्स आ रहे हैं, उन्हें लेकर बेहद उत्साहित हूं।

**छोटे शहर और कस्बों से आने वाली उन युवा लड़कियों के लिए क्या संदेश देना चाहेंगी जो आपके रास्ते पर चलना चाहती हैं?**

मैं हमेशा यही कहती हूं कि अगर मैं कर सकती हूं तो कोई भी कर सकता है। जो भी आपका सपना हो, खुद पर विश्वास रखिए और आगे बढ़िए। रास्ता आसान नहीं होगा, लेकिन अगर दिल में ठान लिया तो आधी जीत वहीं से शुरू हो जाती है।

**आपकी नैचुरल एक्टिंग और सादगी भरे लुक्स को लोग बहुत पसंद करते हैं। क्या ये आपकी निजी पसंद है या निर्देशक का विजन?**

यह बहुत प्यारा कॉम्प्लिमेंट है, धन्यवाद। सच कहूं तो मैं सेट पर पूरी तरह अपने निर्देशक पर भरोसा करती हूं। उनका विजन ही फिल्म की आत्मा होता है। हमारा काम है उस विजन को जीवंत करना।

**आपने अल्लू अर्जुन, रणबीर कपूर, विक्की कौशल जैसे बड़े कलाकारों के साथ काम किया है। उनसे आपने क्या सीखा?**

हर कलाकार से कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। अल्लू सर हों, रणबीर हों या विक्की, हर किसी का काम करने का तरीका अलग है। मैंने उनसे छोटे-छोटे सबक सीखे हैं जिन्हें मैं हमेशा अपने साथ लेकर चलती हूं। अल्लू अर्जुन सर के साथ हमारी एनर्जी बहुत अच्छी तरह मिलती है, इसलिए हमें काम के दौरान बहुत कंफर्टेबल महसूस होता है। रणबीर की बात करूं, तो हम लोगों को इधर-उधर की बातें पसंद नहीं आतीं, हम लोग अपने रोल्स और काम पर ध्यान देते हैं। एक चीज जो मुझे उनकी बहुत पसंद है, वो यह है कि उनका जो क्राफ्ट है, वो पूरी इंडस्ट्री को दर्शाता है। जबकि विक्की के साथ काम करते हुए सेट पर मैं यही सोचती थी कि ये इंसान तो कमाल का है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in